हरिभूमि
# रायपुर भूमि

नियुक्ति संबंधित परीक्षाओं की प्रारंभ से अंत तक की प्रक्रियाएं पूर्ण करेगा बोर्ड

व्यापम परीक्षाएं आयोजित कर विभागों को सौंप देता है परिणाम

## महाविद्यालयों-विश्वविद्यालयों के लिए प्रवेश परीक्षा भी लेगा कर्मचारी चयन बोर्ड, लेकिन नहीं करेगा काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल के स्थान पर बनाया गया कर्मचारी चयन बोर्ड महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाएं भी लेगा। हालांकि काउंसिलिंग कर्मचारी चयन बोर्ड नहीं करेगा। पूर्व की भांति संबंधित विभाग, महाविद्यालयों अथवा विश्वविद्यालयों द्वारा ही काउंसिलिंग शेड्यूल जारी कर दाखिले की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। गौरतलब है, राज्य सरकार द्वारा व्यावसायिक परीक्षा मंडल को भंग करने का निर्णय ले लिया ▶▶ शेष पेज 13 पर

खास खबर

### जारी रहेंगे आवेदन

व्यापम ने विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए हैं। ये आवेदन पूर्व की ही तरह जारी रहेंगे। व्यापम द्वारा पूरे सत्र के लिए कैलेंडर पूर्व में ही जारी की जा चुकी है। इनमें प्रवेश परीक्षाओं सहित विभिन्न विभागों के लिए आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाएं भी शामिल हैं। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, भर्ती परीक्षाओं के संदर्भ में विस्तृत दिशा-निर्देश आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी, लेकिन प्रवेश परीक्षाएं पूर्व निर्धारित तिथियों में ही आयोजित होंगी। केवल परीक्षा कराने वाली संस्था का नाम परिवर्तित होगा। प्रवेश परीक्षाओं की अन्य व्यवस्थाएं पूर्ववत ही रहेंगी। अब तक व्यापम इंजीनियरिंग और कृषि पाठ्यक्रमों के साथ नर्सिंग, बीएड-डीएलएड सहित दस से अधिक प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करता रहा है।



### अध्यक्ष तय, तीन सदस्यों का इंतजार

व्यापम अध्यक्ष आईएएस रेणु पिल्ले कर्मचारी चयन मंडल की पहली अध्यक्ष होंगी। अध्यक्ष के अलावा कर्मचारी चयन बोर्ड में तीन अन्य सदस्य भी होंगे। इस तरह से चार लोगों का बोर्ड होगा। चेयरमैन के लिए निर्धारित क्राइटेरिया के अनुसार, उन्हें प्रमुख सचिव और एसीएस के बीच का वर्तमान या रिटायर आईएएस अफसर होना चाहिए। अन्य तीन सदस्य ज्वाइंट सिक्रेट्री लेवल के अधिकारी, शिक्षाविद या प्रोफेशनल हो सकते हैं।

## 2023 में विज्ञापन 2 साल बाद परीक्षा 8 माह बाद चयन सूची

- प्रयोगशाला परिचारक भर्ती 2023 के अंतिम परिणाम जारी
- 430 पदों पर चयन सूची जारी, एक लाख से अधिक अभ्यर्थी हुए थे परीक्षा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लंबी चली प्रक्रिया के बाद अंततः प्रयोगशाला परिचारक भर्ती-2023 की अंतिम चयन सूची जारी कर दी गई है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 430 पदों पर भर्ती के लिए जारी इस प्रक्रिया में एक लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत 4 अगस्त 2023 को हुई थी, जब रिक्त पदों को भरने की स्वीकृति दी गई। इसके बाद 5 अक्टूबर 2023 को भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया, जिसमें 1,28,685 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। परीक्षा का आयोजन 3 अगस्त 2025 को किया गया, जिसमें 1,12,792 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा परिणाम 18 सितंबर 2025 को घोषित किया गया, जिसके बाद दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया 8 दिसंबर 2025 से शुरू होकर 23 फरवरी 2026 तक चली। सत्यापन के आधार पर 2106 अभ्यर्थियों को आगे की प्रक्रिया के लिए चयनित किया गया।

### महाविद्यालयों को मिलेगी राहत

प्रदेश के महाविद्यालय में लंबे समय से प्रयोगशाला परिचारक के पद रिक्त थे। इससे महाविद्यालयों में अध्ययन कार्य प्रभावित हो रहा था। कला तथा वाणिज्य संकाय में प्रायोगिक विषय अपेक्षाकृत होते हैं, अतः इनके छात्रों को ▶▶ शेष पेज 13 पर

### 53 अभ्यर्थियों ने दर्ज की थी दावा-आपत्ति

सके बाद 13 मार्च से 23 मार्च 2026 तक अभ्यर्थियों से दावा-आपत्ति मंगाई गई। 53 अभ्यर्थियों ने आपत्तियां दर्ज कराईं, जिनका निराकरण कर 24 मार्च 2026 को अंतिम सूची तैयार की गई। अंततः 25 मार्च को जारी अंतिम चयन सूची के अनुसार 430 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। इनमें विभिन्न वर्गों के साथ-साथ दिव्यांगजनों के लिए भी 30 पद आरक्षित रखे गए हैं, जिनमें 15 पद ओएल (वन लेग) और 15 पद एचएच (हियरिंग हैंडीकैप्ड) श्रेणी के लिए निर्धारित हैं। चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 30 मार्च और 2 अप्रैल को आयोजित की जाएगी, जिसके बाद उन्हें प्रदेश के 285 महाविद्यालयों में आवश्यकतानुसार पदस्थ किया जाएगा। नियुक्ति आदेश शीघ्र जारी किए जाने की जानकारी विभाग ने दी है। इस भर्ती प्रक्रिया के पूर्ण होने से लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है।

नवरात्रि विशेष



### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया।

## प्रदेश में कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडरों की सप्लाई घटी, हर महीने 3300 टन से अधिक की खपत, वितरण 20 प्रतिशत ही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

युद्ध के कारण छत्तीसगढ़ में कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडरों की सप्लाई लगातार घट रही है, जिसके कारण गैस एजेंसियों में अब होटल, रेस्टोरेंट सहित अन्य व्यावसायिक संस्थाओं को कमर्शियल गैस सिलेंडर मिलना मुश्किल हो गया है। वहीं घरेलू सिलेंडर की भी अब 25 दिन की जगह 35 दिन के बाद बुकिंग होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। इधर कमर्शियल एलपीजी की बात करें, तो प्रदेश में हर महीने 3300 टन से अधिक इसकी खपत है, लेकिन सप्लाई में आई गिरावट और हालात को देखते हुए हर महीने 20 प्रतिशत तक कमर्शियल एलपीजी ही उपलब्ध कराया जा रहा है। यह भी 5 प्राथमिकता श्रेणी के अनुसार उपलब्ध कराया जा रहा है।

हरिभूमि फॉलोअप



### कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से बढ़ रही परेशानी

गैस एजेंसियों में कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिलने के कारण अब छोटे-बड़े होटल, रेस्टोरेट सहित अन्य व्यवसायिक दुकान मालिकों की परेशानी बढ़ने लगी है। सिलेंडर के बिना उनका व्यवसाय प्रभावित होने लगा है। कुछ छोटे होटल मालिकों ने बताया कि सिलेंडरों की कमी के कारण उनके होटल बंद होने के कगार पर हैं। अगर आगामी कुछ दिनों में सिलेंडर नहीं मिले तो होटल बंद करना पड़ेगा। इसी प्रकार 25 से 35 दिन के बाद बुकिंग का नियम लागू होने के बाद घरेलू सिलेंडर को लेकर भी लोगों की चिंता बढ़ गई है। कई परिवारों में सदस्यों की संख्या अधिक होने के कारण सिलेंडर महज 15 से 25 दिन ही चल पाता है। ऐसे में 35 दिन के बाद बुकिंग कराने का नए नियम के कारण लोगों को घरेलू सिलेंडर भी मिल नहीं पा रहा है।

### सिलेंडरों के कमी के बीच खेल आयोजन में हर दिन 50 सिलेंडरों की खपत

जिले में बुधवार से खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की शुरूआत हुई है। यह आयोजन 25 मार्च से 3 अप्रैल तक किया जाएगा।राष्ट्रीय स्तर के इस खेल आयोजन देशभर से 3800 खिलाड़ी हिस्सा लेने पहुंचे हुए हैं। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं रायपुर, सरगुजा और जगदलपुर में आयोजित की जा रही है। सूत्रों से पता चला कि रायपुर में आयोजित खेल प्रतियोगिताएं में शामिल होने पहुंचे खिलाड़ियों के ठहरने, खान-पान सहित अन्य व्यवस्थाएं खेल विभाग एवं प्रशासन की ओर से की गई है। चाय-सुबह का नाश्ता से लेकर दोपहर और रात के भोजन तैयार भी कराया जा रहा है। इसके लिए किसी को ठेका दिया है। सूत्र के अनुसार चाय-नाश्ता, भोजन तैयार करने के लिए हर दिन 50 सिलेंडरों की मांग की गई है। इस मांग के अनुसार ठेकेदार को बड़ी संख्या में सिलेंडर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### एम्स में कपड़े सुखाने के लिए 150 सिलेंडरों की मांग

सूत्र से यह भी जानकारी मिली है कि टाटीबंध स्थित एम्स हॉस्पिटल में कपड़ों की धुलाई का ठेका लेने वाले फर्म को कपड़ा धोने के बाद उसे सुखाने के लिए हर दिन 150 सिलेंडरों की आवश्यकता होती है। फर्म के संचालक ने खपत के अनुसार सिलेंडर उपलब्ध कराए जाने के लिए प्रशासन और गैस कंपनियों के नाम आवेदन देकर मांग भी की गई है। ताज्जूब की बात यह है कि एम्स में कपड़े सुखाने के लिए जो सेटअप लगाया गया है, उसमें गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है, जबकि कपड़ा धोने से लेकर सुखाने के लिए इलेक्ट्रानिक मशीनों का उपयोग किया जाता है।



## खबर संक्षेप



### चिमनानी के निवास पहुंचे केंद्रीय मंत्री मांडविया

**रायपुर।** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का उदघाटन करने 4 घंटे के प्रवास पर रायपुर पहुंचे केंद्रीय खेल एवं युवा श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया का रायपुर एयरपोर्ट से सीधा प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी के निवास पर आगमन हुआ। केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया ने अमित चिमनानी के परिवार से आत्मीय मुलाकात की। नवरात्रि के पावन अवसर पर चिमनानी परिवार ने केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया का स्वागत माता की चुनरी से किया। साथ ही राम नवमी की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रीराम जी की प्रतिमा भेंट की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक मोतीलाल साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, अपेक्स बैंक के चेयरमैन केदार गुप्ता, प्रदेश कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, प्रदेश कार्यालय सह प्रभारी प्रीतेश गांधी, योगेश तिवारी की उपस्थिति रही।

### दो दिवसीय संविधान मेला हुआ

**रायपुर।** भारतीय संविधान प्रचारिणी सभा, भारत द्वारा आयोजित देश का 15वां दो दिवसीय संविधान मेला 20 एवं 21 मार्च को विमतारा, सभाभवन में संपन्न हुआ। आयोजन का उद्देश्य आमजन में भारतीय संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उसके मूल्यों को समझाना तथा संवैधानिक दृष्टिकोण का विकास करना रहा। मेले के दौरान विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र के भी सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील भारद्वाज, शंकर कुंजाम, विनोद कुमार कोशले सदस्य संविधान प्रचारिणी सभा द्वारा किया गया।

### शादी करने का झांसा देकर रेप, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने की पुलिस ने शादी करने का झांसा देकर युवती से रेप करने के आरोप में एक युवक को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। रेप के आरोप में पुलिस ने मध्यप्रदेश, सागर निवासी आशीष मसीह को गिरफ्तार किया है। युवती ने थाने में आशीष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी कि फेसबुक के माध्यम से आशीष के साथ उसका परिचय हुआ था। आशीष ने युवती को शादी करने का झांसा देकर रेप कर शादी करने से इनकार कर दिया।

### मेड ने चोरी की सोने की अंगूठी, टॉप्स

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक गृहणी ने अपने घर में काम करने वाली मेड के खिलाफ दो लाख रुपए से ज्यादा कीमत की सोने की तीन अंगूठी तथा टॉप्स चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आदिती विरदी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। आदिती ने पुलिस को बताया है कि उन्होंने नीलम मेड न्यू देल्ही सर्विस सेंटर के घर में साफ सफाई तथा काम करने एक मेड हायर किया था। घर में एक अन्य स्थानीय मेड काम करती है। आदिती ने पुलिस को बताया है कि वह मंगलवार को किसी काम से बाहर गई थी। वापस आकर उसने पाया कि टेबल पर रखी उसकी अंगूठी तथा टॉप्स गायब है। सीसीटीवी कैमरा चेक करने पर मेड अनिता के जाने का सीसीटीवी फूटेज मिला है। जाने के बाद अनिता के वापस नहीं आने पर आदिती ने उस पर चोरी की आशंका व्यक्त की है।

# कंटेनरों में पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर रोक, जिला प्रशासन के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में पेट्रोल पंपों पर ड्रम, डिब्बा और जैरी कैन में पेट्रोल-डीजल देने पर सख्ती बढ़ा दी गई है। तेल कंपनियों और जिला प्रशासन की ओर से पंप संचालकों को मौखिक निर्देश गए हैं कि किसी भी स्थिति में कंटेनरों में ईंधन की बिक्री न करें। नियम उल्लंघन की स्थिति में पंप को बंद करने तक की कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। पेट्रोल-डीजल की किल्लत न हो, इसके लिए राज्य शासन ने अभियान शुरू कर दिए हैं। राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिलों में खाद्य विभाग सभी जिलों को लगातार निर्देश जारी कर रहा है। पंप संचालकों को भेजे गए संदेश में कहा गया है कि यदि किसी भी प्रकार की फोटो या वीडियो के माध्यम से उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो संबंधित पंप के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसमें तेल कंपनी और कलेक्टोरेट, दोनों स्तर पर लाइसेंस निलंबन या पंप बंद करने की कार्रवाई शामिल हो सकती है।

### पड़ोसी राज्यों से सप्लाई बंद

उत्तर प्रदेश के मुगलसराय डिपो से छत्तीसगढ़ आने वाली डीजल सप्लाई भी प्रभावित हो गई है। अब तक राज्य में प्रतिदिन करीब 400 टैंकर डीजल पहुंच रहा था, लेकिन कंज्यूमर पंप के डीजल रेट में हाल ही में करीब 22 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद यह व्यवस्था लगभग ठप हो गई है। कीमत बढ़ने के कारण उत्तर प्रदेश से आने वाला डीजल, छत्तीसगढ़ के रिटेल पेट्रोल पंपों की तुलना में 10 से 12 रुपए प्रति लीटर महंगा पड़ने लगा है। इससे कंज्यूमर पंप संचालकों ने बाहर से डीजल मंगाना बंद कर दिया है।




### छोटे किसान और कारोबारी हो रहे प्रभावित

ऐसे में एक ओर जहां रिटेल पंपों पर कंटेनरों में डीजल देने पर रोक है, वहीं दूसरी ओर कंज्यूमर पंप महंगे हो गए हैं। इस दोहरी स्थिति का असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। छोटे किसान, ठेकेदार और कारोबारी सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। ट्रैक्टर, जेसीबी, जनरेटर और अन्य मशीनों के लिए डीजल लाना मुश्किल हो गया है। खासकर दूरस्थ और पहाड़ी क्षेत्रों में उपकरणों को बार-बार पेट्रोल पंप तक ले जाना व्यावहारिक नहीं होने से परेशानी और बढ़ गई है। स्थिति को देखते हुए आने वाले दिनों में प्रशासन पर नियमों में आंशिक राहत देने का दबाव बढ़ सकता है।

### प्रदेश में पेट्रोल-डीजल और गैस आपूर्ति सामान्य

पेट्रोलियम कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है, साथ ही किसी भी पेट्रोल पंप पर कमी नहीं है। पेट्रोलियम टर्मिनलों में भी पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। वहीं, एलपीजी की बात करें तो कमर्शियल एलपीजी की मात्रा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दी है। राज्यों से ढाबों, होटलों, औद्योगिक कैंटीनों और प्रवासी मजदूरों को प्राथमिकता देने को कहा गया। अब तक राज्यों को लगभग 22 हजार टन कॉमर्शियल एलपीजी आवंटित की जा चुकी है। इसके अलावा करीब 30 हजार 5 किलो के सिलिंडर जारी किए गए हैं। घरेलू एलपीजी की कोई कमी नहीं है।

### राजस्व न्यायालयों में चक्कर काट रहे हैं हजारों किसान और भूमिस्वामी

# सीमांकन, नामांतरण और त्रुटि सुधार के हजारों मामले सुलझे नहीं, पखवाड़े भर में निराकरण चुनौती से कम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लंबित राजस्व प्रकरणों के निपटारे के लिए सरकार अप्रैल में पखवाड़े भर का अभियान चलाकर इन मामलों को सुलझाने या उनका निराकरण करने की तैयारी में है। सवाल ये है कि इन मामलों में हजारों केस एक साल से लेकर तीन साल तक की समय सीमा के बाहर हैं। सवाल ये भी है कि ये मामले नियमित सुनवाई के दौरान राजस्व न्यायालयों में सुलझाए नहीं जा सके हैं, तो क्या पखवाड़े भर में इनका निराकरण हो जाएगा। लेकिन इन मामलों में राज्य के हजारों किसान और भूमि स्वामी बुरी तरह उलझे हुए हैं, और वे राजस्व न्यायलयों के चक्कर लगा रहे हैं।

### ये है मामला

राजस्व विभाग लंबित मामलों के निपटारे के लिए अगले माह से राजस्व पखवाड़े का आयोजन करेगा। विभाग ने इसके लिए कार्ययोजना तैयार की है। राजस्व पखवाड़ा चलाने के लिए सभी कलेक्टरों को विभाग ने पत्र जारी किया है। प्रदेश के प्रत्येक जिले के गांवों में विशेष कार्यक्रम होंगे। इसमें नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे लंबित मामलों को मौके पर ही सुलझाया जाएगा। अविवादित नामांतरण के मामलों को हर हाल में 45 दिनों के भीतर निराकृत करना अनिवार्य है। राजस्व न्यायालय पोर्टल के जरिए अब सीधे सचिव कार्यालय से देखा जा सकेगा कि किस तहसीलदार या पटवारी के पास फाइल 15 दिनों से अधिक समय से रुकी है। छत्तीसगढ़ में जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों के निराकरण के लिए राजस्व विभाग ने तेजी लाने के निर्देश दिए है। प्रदेश के विभिन्न राजस्व न्यायालयों में वर्तमान में 1.15 लाख से अधिक मामले लंबित हैं। इनमें अविवादित नामांतरण और सीमांकन के मामले सबसे अधिक हैं। लंबित मामलो को लेकर सभी कलेक्टरों और तहसीलदारों से कहा गया है कि आम जनता को दफ्तरों के चक्कर कटवाना बंद करें, अन्यथा सीधे तौर पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।




### विवादित नामांतरण के पौने 6 हजार मामले लंबित

*इधर राज्य में विवादित खाता नामांतरण के मामलों की बात की जाए तो वर्ष 2024-25 की स्थिति में इस तरह के लंबित मामलों की संख्या 5 हजार 873 है। इनमें समय सीमा के भीतर 4 हजार 436 केस, एक साल से अधिक लंबित 624, एक साल से अधिक समय से लंबित 438, और दो साल से अधिक समय से लंबित मामलों की संख्या 375 है। इसी क्रम में विवादित नामांतरण के मामलों के लंबित मामले 13 हजार 992 हैं। इनमें समय सीमा के भीतर के 10 हजार 453, समय सीमा के बाहर एक साल से लंबित केस 1496, एक से दो साल से लंबित 1123, दो साल से अधिक समय से लंबित केस 920 हैं।*

### लंबित मामलों का बोझ कम करने का उद्देश्य

राजस्व न्यायालयों और तहसील कार्यालयों में लंबित मामलों के बोझ को कम करना इसका प्रमुख उद्देश्य है। गांवों में ही शिविर लगने से किसानों और ग्रामीणों को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए शहर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बताया गया है कि रायपुर समेत सभी बड़े जिलों में लंबित मामलों की संख्या अधिक है।

### एक नजर मामलों पर

राज्य में अगर सीमांकन प्रकरणों पर नजर डाली जाए तो राजस्व विभाग की रिपोर्ट के अनुसार राज्य भर के 33 जिलों में वर्ष 2024-25 की स्थिति में कुल 1360 मामले लंबित हैं। इसमें भी खास बात ये है कि इनमें समय सीमा के भीतर के 630 प्रकरण हैं। इसके बाद एक साल से लंबित मामलों की संख्या 567 है। एक से दो साल से लंबित केस 66 हैं। और दो साल से अधिक समय से लंबित 97 केस हैं।डायर्वशन के लंबित मामले ढाई हजार के करीब राजस्व क्षेत्र में भूमि का डायर्वशन एक महत्वपूर्ण प्रकरण होते हैं। हालांकि राज्य सरकार ने अब डायवर्शन की प्रक्रिया को आटोमेटिक कर दिया है यानि आवेदन के 15 दिनों के भीतर यदि राजस्व न्यायालय से निपटारा नहीं हुआ तो आटोमेटिक तरीके से डायवर्शन हो जाएगा। लेकिन यह सिस्टम शुरु होने से पहले राज्य वर्ष 2024-25 की स्थिति में डायवर्शन के 2 हजार 444 प्रकरण लंबित हैं। इनमें समय सीमा के भीतर के मामले 2 हजार 165 है। एक साल से लंबित मामले 207, एक साल से अधिक के 54, और दो साल से अधिक के 18 मामले लंबित हैं।

# सरकारी हेल्थ सेंटर की कैल्शियम सिरप की क्वालिटी जांच में फेल सालभर में 53 दवा के नमूने अमानक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देवपुरी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लिए गए कैल्शियम सिरप का सैंपल क्वालिटी जांच में फेल हो गया है। दिसंबर में गर्भवती महिला को दिए गए सिरप की बोतल में मांस का लोथड़ा होने की शिकायत के बाद मामला सामने आया था। सालभर में औषधि परीक्षणशाला में 926 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें 53 नमूने अमानक पाए गए।

देवपुरी यूपीएचसी में पहुंची महिला को जांच के बाद चिकित्सकीय स्टाफ ने कैल्शियम सिरप दिया था। घर जाकर महिला ने महिला ने सिरप की बोतल खोला तो उसमें चिपचिपी वस्तु नजर आई। महिला अपने पति के साथ हेल्थ सेंटर पहुंची और इस पर आपत्ति की। उन्होंने संदेह जताया था कि सिरप में मांस का लोथड़ा है और इसे लेकर वहां हंगामा भी हुआ था। इसके बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने दूसरे दिन यानी 8 दिसंबर को जाकर सैंपल उठाए थे। लैब से जांच पूरी होने के बाद कुछ समय पहले रिपोर्ट जांच अधिकारियों को दी गई है जिसमें अमानक बताया गया है। सिरप में कैल्शियम सहित अन्य फार्मूला बराबर मात्रा में हैं मगर इसमे कैल्शियम के घुलनशील (साल्वेंट) की जो प्रक्रिया है वह तय मापदंड को पूरा नहीं करती। रिपोर्ट के आधार पर विभागीय टीम आगे की कार्रवाई करेगी। इसके अलावा औषधि प्रयोगशाला में वर्ष 2025-26 में 926 सैंपलों की जांच की गई जिसमें अमानक मिले 53 नमूने की रिपोर्ट के आधार पर ड्रग इंस्पेक्टरों की टीम ने कार्रवाई की।



### दवाओं के 18 केस न्यायालय में लंबित

खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा पिछले साल जांच पूरी होने के बाद दवाओं से संबंधित 18 केस न्यायालय में पेश किए गए। इनमें 9 मिलावटी, 1 नकली, 3 प्रतिबंधित, 3 बिना लायसेंस दवाओं की बिक्री तथा अमानक दवाओं के दो केस न्यायालय में पेश कर चुकी है। सालभर में विभागीय टीम ने राज्य में 13519 प्रतिष्ठानों की जांच के बाद कमियां मिलने पर 508 का निलंबन और 71 का लाइसेंस निरस्त किया है। इस अवधि में 300 प्रकार की छापेमारी कर 7 लाख दवाएं अवैध भंडारण अथवा अवैध उत्पाद के रूप में जब्त किए गए।

### सामने आए इस तरह के बड़े मामले

- सितंबर 2025 में रायगढ़ जिले में नकली पेंडर्म क्रीम का मामला सामने आया।
- सितंबर में रायगढ़ और जांजगीर जिले के बिना लायसेंस के प्रकरण में न्यायालय ने सजाई सुनाई।
- नवंबर 2025 में गरियाबंद जिले में नकली बेस्टोकफ सिरप का मामला पकड़ा गया।
- दिसंबर मामले में रायपुर जिले में नकली एंटीबायोटिक दवा पकड़ी गई, जांच जारी है।

# भ्रष्टाचार निचले पैमाने तक पहुंचा पंचायतों के सोशल ऑडिट में खुलासा

### प्रदेश में 13 हजार से अधिक गड़बड़ी आई सामने : वंदना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि ग्राम पंचायतों के सोशल ऑडिट में 151 करोड़ की गड़बड़ी बताता है कि सरकार का भ्रष्टाचार निचले पैमाने तक पहुंच गया है। पूरे प्रदेश में 13861 गड़बड़ियां सामने आना इस बात का प्रमाण है कि सरकार के संरक्षण में पंचायतों के विकास कार्य के पैसे में बंदरबांट हुई है। इस पूरी गड़बड़ी में सत्तारूढ़ दल के नेता और कार्यकर्ता शामिल हैं। पंचायत विभाग के अधिकारी पंचायतों के फंड आबंटन में पहले अपना कमीशन लेते हैं, उसके बाद आबंटन जारी करते हैं। इसके कारण निर्माण कार्य प्रभावित होते हैं, बिना काम के पैसा आहरण हो जाता है। उन्होंने कहा, सरकार की वित्तीय स्थिति इतनी खास्ताहाल है कि वह पंचायतों को उनके मलभूत का पैसा तो दे नहीं पा रही है, जो थोड़ी बहुत राशि सरकार ने जारी की है, वह भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी। भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य बंद हो चुके हैं। सरकार के पास विकास कार्य करवाने के लिये फंड ही नहीं है। दो साल में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा एक भी ग्राम पंचायत में सड़क एवं नाली का निर्माण नहीं कराया गया है। सरकार ने जो थोड़ा बजट कुछ पंचायतों को दिया, उसे बिना निर्माण के खर्च कर प्रभावशाली लोगों की जेबों में डाल दिया गया।



# गृहमंत्री के नक्सलवाद की समाप्ति के बयान पर बैज का पलटवार बोले- कितने पैमाने पूरे हुए बताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गृह मंत्री विजय शर्मा के द्वारा प्रदेश में नक्सलवाद की समाप्ति के बयान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, क्या गृह मंत्री का यह बयान इस बात की औपचारिक घोषणा माना जाय कि प्रदेश से नक्सलवाद का खात्मा हो गया है? नक्सलवाद समाप्ति के लिए सरकार ने क्या पैमाना माना था और उनमें से कितने पैमाने पूरे हो चुके है? प्रदेश की जनता जानना चाहती है। क्या केंद्र सरकार भी इस बात की घोषणा करेगी कि छत्तीसगढ़ अब नक्सल मुक्त हो चुका है? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, नक्सलवाद एक संवेदनशील विषय है। प्रदेश के गृह मंत्री यदि राज्य से नक्सलवाद के खात्मे की घोषणा कर रहे हैं, तो उन्हें इस संदर्भ में प्रदेश की जनता को विश्वास भी दिलाना होगा, केवल कोरी बयानबाजी से काम नहीं चलने वाला। गृह मंत्री इसकी गारंटी लेंगे कि अब बस्तर में किसी निर्दोष का खून नहीं बहेगा? अब बस्तर का आम आदिवासी मारा नहीं जाएगा, सिर्फ बयानबाजी नहीं, सरकार की तरफ से ठोस आश्वासन आना चाहिए।

### आम लोगों की सुरक्षा कर गारंटी लेगी सरकार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यदि नक्सलवाद समाप्त हो गया है, तो राज्य सरकार ने अभी तक बस्तर से कितने सुरक्षाबलों के कैंप हटाना शुरू किया? कितने सुरक्षा बलों की बस्तर से वापसी करना शुरू की? बस्तर के जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा से कितनी कटौती करना शुरू की? नागरिक बस्तर में कहीं भी, किसी भी समय बेरोक-टोक आ जा सकते हैं, सरकार उनकी सुरक्षा की पूरी गारंटी लेगी क्या? प्रदेश की जनता जानना चाहती है।

# 10-15 साल पुराने वाहन की खरीदी बिक्री पर लग रहा एक प्रतिशत टैक्स

### परिवहन विभाग शो रूम की कीमत पर वसूल रहा टैक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

छत्तीसगढ़ में सभी प्रकार के पुरानी वाहन की खरीदी बिक्री पर भी परिवहन विभाग एक प्रतिशत टैक्स ले रहा है। यह टैक्स 10 से 15 साल पुराने वाहन की खरीदी-बिक्री पर भी वसूला जा रहा है। ताज्जुब की बात यह है कि वाहन की बिक्री के समय शो रूम में जो उसकी कीमत थी, उसके अनुसार यह टैक्स लगाया जा रहा है, जबकि वाहन की बिक्री के बाद हर साल पुराने वाहन की कीमत में गिरावट आती है। ऐसे में 10-15 वर्ष पुराने वाहन की कीमत शो रूम की तुलना में 70 से 85 प्रतिशत तक गिर जाती है। इसके बाद भी परिवहन विभाग पुराने वाहन पर एक प्रतिशत टैक्स शो रूम की कीमत के अनुसार वसूल कर रहा है।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार परिवहन विभाग के ऑनलाइन सिस्टम में करीब पांच माह पूर्व पुराने वाहन की खरीदी-बिक्री पर एक प्रतिशत टैक्स को अपडेट कर दिया गया है। इस नए सिस्टम के लागू होने से 10 लाख की बिकी वाले वाहन पर 10 साल के बाद भी 10 हजार रुपए टैक्स लग रहा है। टैक्स अदा किए बिना वाहन मालिक का नाम ट्रांसफर ही नहीं हो रहा है। नाम ट्रांसफर कराने के लिए खरीदी करने वालों को एक प्रतिशत टैक्स अदा करना पड़ रहा है।

राजधानी सहित प्रदेशभर में हर साल लाखों की संख्या में पुरानी गाड़ियों की खरीदी-बिक्री होती है। उदाहरण के रूप में सालभर में अगर एक लाख छोटी-बड़ी पुरानी गाड़ियों की बिक्री होती है, तो एक प्रतिशत टैक्स के अनुसार परिवहन विभाग भी लाखों रुपए की कमाई कर रहा है।

### नाम ट्रांसफर में बड़ी राशि खर्च

एक पुराने दोपहिया वाहन का नाम ट्रांसफर कराने में खरीदार को बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती है। वैसे तो नाम ट्रांसफर कराने का शुल्क लगभग ढाई हजार रुपए है, लेकिन अन्य प्रक्रिया को पूरा करने में तीन हजार रुपए से अधिक राशि खर्च हो जाती है। इस तरह नाम ट्रांसफर के साथ परिवहन विभाग द्वारा वसूला जा रहा एक प्रतिशत टैक्स जोड़ें, तो यह राशि दोगुनी से भी अधिक हो जाती है।

### शासन स्तर पर जारी होगा आदेश

पुराने वाहन की खरीदी-बिक्री पर एक प्रतिशत टैक्स लग रहा है। टैक्स को नहीं लिया जाना है, इस संबंध में शासन स्तर पर आदेश जारी होना है। अभी तक ऐसा आदेश जारी नहीं हुआ है।

\- आशीष देवांगन
जिला अधिकारी
परिवहन विभाग

**न्यायालय-तृतीय अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, रायपुर छ.ग.**

दावा प्रकरण क्रमांक -924 / 2024 प्रोसेस क्रमांक 664
पेशी दिनांक 04.05.2026
कमलीनी उर्फ कुमुदनी ... आवेदक
विरूद्ध
तरूण साहू व अन्य .... अनावेदकगण
बनाम

शेख सलमान खान, पिता मोहम्मद हसन द्वारा दीपक मुदलियार, अंडर ब्रिज के पास, वार्ड क्र. 2 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. 492009

आवेदक ने आपके विरूद्ध दावा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम के तहत कुल रूपये 30,00,000/- (तीस लाख रूपये) की क्षतिपूर्ति हेतु संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय मे पेशी तारीख 04.05.2026 को 11:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात या उपस्थित होने के लिये समंस जारी किया जाता है।

अतः आपको इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है, तो इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध मे अनुदेश दिये गये हो और इससे संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस दावा के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है, इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो दावा की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

**नोट**- यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक .03.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

(शैलेश शर्मा)
तृतीय अति. मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण रायपुर (छ.ग.)
मुहर

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय रायपुर (छ.ग.)**

**:: शपथ पत्र ::**

मैं शपथकर्ती नफीसा अंसारी पति स्व. एजाज अहमद, निवासी बृज नगर मदरसा के पास मोती नगर, रायपुर (छ.ग.) 492001 निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ:-

1. यह कि मेरी पुत्री अलिश्बा फातिमा, का आधार कार्ड नंबर 2697 1228 3359 है।
2. यह कि, उक्त आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम अलिशमा फातिमा (**ALISHMA FATIMA**) दर्ज है, जो कि त्रुटिवश गलत दर्ज है।
3. यह कि, मेरी पुत्री का सही नाम अलिश्बा फातिमा (**ALISHBA FATIMA**) है, जो कि सत्य एवं सही है, यह सही नाम मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में भी दर्ज है।
4. यह कि, उक्त आधार कार्ड में दर्ज मेरी पुत्री का गलत नाम अलिशमा फातिमा (**ALISHMA FATIMA**) को सुधारकर मेरी पुत्री का सही नाम अलिश्बा फातिमा (**ALISHBA FATIMA**) दर्ज किया जावें एवं मेरी पुत्री को यही नाम से जाना व पहचाना जावें, जिस हेतु यह शपथपत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

**शपथकर्ती**

**- सत्यापन -**

मैं शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका क्रमांक 1 से 4 तक में वर्णित सभी तथ्य सही एवं सत्य है अतः मैंने आज दिनांक को स्वयं के हस्ताक्षर कर स्थान रायपुर में सत्यापित कर दिया।

दिनांक 10.03.2026

**अलिश्बा फातिमा**
**शपथकर्ती**

**:: आम सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता- प्रेमलाल साहू पिता- कलीराम साहू निवासी- जोरा पारा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के हक, आधिपत्य एवं स्वामित्व की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा- देवपुरी, प.ह.नं.-00073, रा.नि.मं.- रायपुर- 10, डूमरतराई, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है जिसका खसरा नंबर- 105/6 रकबा- 0.4250 हेक्टेयर है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि दिया जा चुका है उक्त भूमि का केवल बैनामा निष्पादन एवं पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय अंतरण व संव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, बीमा कंपनी, साहूकार, वित्तीय संस्थान, शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालय या निजी संस्था व निकाय को कोई उजर दावा व आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे उक्त पते पर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत कर देवें। मियाद बाद पेश की गयी कोई आपत्ति या उजर दावा मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी नही होगी तथा मेरा पक्षकार, विक्रेता को विक्रय प्रतिफल की शेष राशि अदा कर अपने पक्ष में विक्रयपत्र का पंजीयन एवं निष्पादन कराने के लिए स्वतंत्र होगा। सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 25/03/2026

**भवदीय**
**रामदेव साहू, गुणेश कुमार (अधिवक्ता)**
**पता- गोवर्धन नगर, भनपुरी रायपुर**
**जिला रायपुर (छ.ग.) मो.नं.- 8839215858**

### महावीर नगर में हरे माधव सत्संग 29 को

**रायपुर।** हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति कटनी शाखा रायपुर की ओर से महावीर नगर स्थित हरे माधव दरबार साहिब में 29 मार्च को हरे माधव सत्संग का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कटनी मध्यप्रदेश के महान संत जीवनमुक्त सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब के सानिध्य में होगा। यह जानकारी समिति के सचिव तेजकुमार बजाज ने देते हुए बताया कि सतगुरु जी का आगमन 28 मार्च को होगा। हरे माधव सत्संग का लाभ लेने महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश के कई नगरों से भी श्रद्धालुजन आएंगे। उन्होंने बताया कि 27 मार्च को हरे माधव प्रभातफेरी सुबह 6 बजे तेलीबांधा से प्रारंभ होकर मुथानगर, श्यामनगर भ्रमण कर तेलीबांधा वापस जाकर समापन होगा। महावीर नगर स्थित हरे माधव दरबार साहिब में रोजाना सेवाएं चल रही है।

### भूमिहीन कृषक मजदूरों के खातों में राशि ट्रांसफर, प्रमाण पत्र वितरित

**रायपुर।** दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत भूमिहीन कृषक मजदूर को उनके खाते में राशि हस्तांतरण करने के लिए तहसील कार्यालय रायपुर में मुख्य अतिथि रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। इस दौरान भूमिहीन कृषक मजदूरों को प्रमाण पत्र वितरण किया, साथ ही भूमिहीन कृषक मजदूर को उनके खाते में राशि हस्तांतरित की गई। विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा हमारी सरकार लगातार भूमिहीन कृषक मजदूरों के हित में कार्य कर रही है। इस योजना के माध्यम से मजदूरों को आर्थिक लाभ मिल रहा है जिससे वे आत्मनिर्भर बन रहे हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु, एसडीएम नंदकुमार चौबे, तहसीलदार राममूर्ति दीवान, अतिरिक्त तहसीलदार राकेश देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### अंचल में नवरात्रि पर छलका उत्साह

**तरपोंगी।** तरपोंगी अंचल में चैत्र नवरात्रि का पर्व धूम धाम के साथ मनाया जा रहा है। नौ दिनों तक पूरे क्षेत्र के गांवो में भक्ति मय वातावरण रहेगा। माता की सेवा भजन में गांव के छोटे-छोटे बच्चे भी लगे हुए हैं।

### अष्टमी हवन आज निशा पूजा की गई



**रायपुर।** मठपुरैना वाटर फिल्टर प्लांट परिसर में स्थापित सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में नवरात्रि का शानदार आयोजन किया गया है। बुधवार को निशा पूजा की गई। मंदिर श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ जारी है। मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहनलाल साहू, सोमनाथ निषाद, किशोर गुरुजी, भोजराज साहू, दीनदयाल साहू, बाबूलाल साहू, राजकुमार धीवर आदि माता की सेवा में सक्रिय हैं।

### छात्रा से की मारपीट और अभद्रता, आरोपी फरार

**अभनपुर।** नवा रायपुर के उपरवारा क्षेत्र में एक छात्रा के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता उम्र 19 वर्ष निवासी मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला वर्तमान में राज्य होटल प्रबंध संस्थान की बीएससी होटल मैनेजमेंट की छात्रा है। 24 मार्च को दोपहर करीब 2 बजे वह बस से केंद्री के पास उतरी और पैदल अपने हॉस्टल की ओर जा रही थी। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति, जिसकी उम्र लगभग 40 वर्ष बताई जा रही है, उससे बातचीत कर मदद के बहाने अपनी मोटरसाइकिल में बैठाकर ले गया। मारपीट व दुर्व्यवहार किया ।

# कुंवरगढ़ महोत्सव से धरसींवा की विश्व पटल पर बनेगी पहचान

हरिभूमि न्यूज : धरसींवा

- महोत्सव का मुख्यमंत्री साय करेंगे उद्घाटन

छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर स्थित ऐतिहासिक कूंरा (कुंवरगढ़) अब अपनी भव्यता, शौर्य और गौरवशाली विरासत की गूँज पूरी दुनिया में सुनाने को आतुर है। क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा की विशेष पहल पर पहली बार आयोजित होने जा रहे 'कुंवरगढ़ महोत्सव' ने अब मूर्त रूप लेना शुरू कर दिया है। यह महोत्सव न केवल धरसींवा की अस्मिता और पहचान का नया अध्याय लिखेगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति और सांप्रदायिक सद्भाव की एक ऐसी मिसाल पेश करेगा,

## 31 मार्च से 2 अप्रैल तक भक्ति और संस्कृति के संगम का गवाह बनेगा महोत्सव



### तीन दिवसीय भव्य आयोजनः 31 मार्च से होगा शंखनाद

विधायक अनुज शर्मा की देखरेख में आयोजित होने वाला यह महोत्सव 31 मार्च, 01 अप्रैल और 02 अप्रैल तक चलेगा। आयोजन की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के साथ प्रदेश मंत्रिमंडल के कई कद्दावर मंत्री भी इस गौरवशाली पल के साक्षी बनेंगे। विधायक अनुज शर्मा ने स्वयं कार्यक्रम स्थल का दौरा कर सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

जिसे इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज किया जाएगा। इसी कड़ी में विधायक अनुज शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट की और उन्हें इस तीन दिवसीय ऐतिहासिक आयोजन के लिए सादर आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने इस अभिनव पहल की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए महोत्सव में शामिल होने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की है। इस अवसर पर उनके साथ धरसींवा जनपद अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला ढिलेन्द्र सेन, नगर पंचायत कूंरा के अध्यक्ष श्री गोविंद साहू सहित अनेक पार्षदगण उपस्थित रहे, जिन्होंने मुख्यमंत्री को महोत्सव की विस्तृत रूपरेखा और क्षेत्रीय जनता के उत्साह से अवगत कराया।

## कामर्शियल सिलेंडर 3500 से 4000 रुपए में मिल रहा था, अब मिलना बंद

# घरेलू व कामर्शियल गैस की किल्लत से बिगड़े हालत, होटल कारोबारी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग ने बड़ा ऊर्जा संकट खड़ा कर दिया है।शासन प्रशासन भले ही दावा करें लेकिन इसका असर आम आदमी पर सांफ देखने को मिल रहा है। रसोई गैस की कीमत के बीच एर्जेसियो के परिसर पर कतारे लग रही है वहीं सबसे ज्यादा संकट होटल रेस्टोरेंट व्यवसाय पर देखने को मिला है।कामर्शियल गैस की सप्लाई नहीं होने से हालात बिगड़ गए हैं ।

जिसके कारण कारोबार पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं ।कई होटल बंद की कगार पर पहुंच गई है, जो खुली भी है तो वहां ग्राहकों को पूरी वैरायटी के साथ लजीज व्यंजन नहीं मिल रहे हैं।अभी तक तो होटल वाले कमर्शियल सिलेंडर का जुगाड़ करते आ रहे थे ,लेकिन अब स्थिति गंभीर हो चली है, कुछ होटल वालों ने कोयले की भट्ठी जालना शुरू कर दी है। कुछ लकड़ी के गुटके जलाकर समान बना रहे हैं । कोयला और लकड़ी का गुटका भी उन्हें बड़ी मुश्किल से तीन गुना कीमत पर मिल रहा जिसके कारण होटल में समोसे, आलू, चाप, पकोड़े, दोसा, इटली सभी के दाम बढ़ा दिए गए हैं। एक होटल व्यवसायी ने बताया कि कमर्शियल सिलेंडर 3500 में 4000 में खरीद रहे थे लेकिन अब सिलेंडर नही मिल रहा है। ऐसे गुटका ,कोयला और डीजल भठी सबसे बड़ा सहारा है .लेकिन गैस की किल्लत के बाद लकड़ी और कोयले के दाम बढ़ गए है .लकड़ी का गुटका 15 किलो हो गया है ।जिसके कारण समोसा, आलू चाप, दोसा ,इटली, सांभर बड़ा, सभी के रेट डेढ़ा कर दिया गया है। . पहले सादा समोसा. आलू चाप .सांभर वडा 10 रूपए प्रति नग मिलता था अब दाम बढ़ाकर 15 रूपए कर दिया गया है।बुधवार को हरिभूमि टीम के द्वारा होटलो का जायजा लिया गया तो यहां किचन सूने नजर आए।

### ऐसे में बंद हो जाएंगे व्यवसाय

बातचीत के दौरान कुछ होटल व्यवसाईयों ने अपनी पीड़ा का इजहार भी किया उन्होंने कहा कि यही हालात रहे तो होटल व्यवसाय ही बंद हो जाएगा।सरकार को जल्द इस समस्या का समाधान निकालना चाहिए ।वहीं दूसरी और प्रशासन ने दावा किया है की शासन द्वारा कमर्शियल गैस की सप्लाई में भी राहत दे दी गई है।जिससे होटल को भी एलजी की सप्लाई शुरू हो जाएगी। होटल वालों ने बताया कि दुकान पर नौकर सामान बनाने वाले मिस्त्री पर होने वाला खर्च हम उतना ही वाहन कर रहे हैं ,लेकिन सामान कम बनने लगा है . समोसा आलू चाप के रेट बढ़ने के कारण बिक्री में भी काफी फर्क आया है।ऐसे में ज्यादा दिन तक दुकानदारी की गाड़ी किचन का मुश्किल हो जाएगा.।

### खाने का तेल और नमक हुआ महंगा

जंग का असर खाद्य पदार्थों पर भी पड़ा है. 15 किलो वाला तेल का तीन 20 दिनों में तेल 200 बढ़ गया है यानी की 15 रुपए प्रति किलो तेल के दाम में बढ़ोतरी हुई है।सबसे बड़ी बात तो यह है कि नमक का रेट भी बढ़ गया है 25 किलो वाली बोरी नमक कीमत 25 बड़ी है यानी की 1 किलो के पीछे नमक का दाम बढ़ा है.।

### घरों की थाली से एक कटोरी सब्जी गायब

गैस की कमी को देखते हुए लोगों ने अपना पेट मारना शुरू कर दिया है।जिन लोगों के पास एक सिलेंडर है उनके लिए बड़ी मुश्किलें खड़ी हो गई है पहले बुकिंग करते ही गैस सिलेंडर घर पहुंच जाता थाजंग शुरू हुई तो 15 दिन की अवधि कर दी गई गैस देने की मियाद बाधा दी गई ।उसके बाद 15 से 25 दिन में दूसरा सिलेंडर दिए जाने नियम बनया गया अब 35 दिन के बाद घरेलू सिलेंडर मिलेगा ऐसे में कई लोग दो सब्जी के बदले एक ही सब्जी बना रहे हैं ताकि उनका सिलेंडर जल्दी खत्म ना हो.कुल मिलाकर अमेरिका इजरायल और ईरान की जंग ने गैस के संकट के साथ महंगाई को भी बढ़ा दिया है।

# नियमों के पालन और सामूहिक जवाबदारी से ही ट्रैफिक कंट्रोल



**तिल्दा नेवरा।** अदाणी पावर लिमिटेड, रायपुर के सेफ्टी विभाग और अदाणी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम छत्तौद में 55 वां राष्ट्रीय सुरक्षाजागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया । छत्तौद, रायखेड़ा, तरसोईव और गैत्रा सहित आसपास के ग्रामों से लगभग 350 महिलाओं ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया।अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा नियमों के महत्व से अवगत कराना और उन्हें सुरक्षा के प्रति अधिक जागरूक बनाना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में DSP गुरजीत सिंह (DSP ट्रैफिक, रायपुर) उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक नियमों और दुर्घटना-निवारण के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उनका कहना था कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों के पालन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसे व्यवहार में लाना आवश्यक है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वाति वर्मा (सदस्य, जिला पंचायत एवं सभापति, रायपुर) ने कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण सुरक्षा और सामुदायिक विकास से जुड़े मुद्दों पर बात करते हुए कहा कि सुरक्षित वातावरण ही मजबूत समाज की नींव रखता है। स्वाति वर्मा ने कार्यक्रम में महिलाओं की बड़ी संख्या में सहभागिता को सकारात्मक पहल बताया।

कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा विषयों पर तीन विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। गृह सुरक्षा से संबंधित सत्र का संचालन आशीष ताम्रकार ने किया, जिसमें घरेलू दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सरल और व्यावहारिक उपाय बताए गए। विद्युत सुरक्षा पर सत्र में सूर्यकांत साहू ने आवश्यक जानकारी साझा की और लोगों को विद्युत उपकरणों के सुरक्षित उपयोग के बारे में बताया। सड़क सुरक्षा पर आयोजित प्रशिक्षण का संचालन मानस रंजन दास ने किया, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सावधानियों पर जानकारी दी गई।

# कांग्रेस का जनसमस्याओं को लेकर प्रदर्शन, कूंरा नपं कार्यालय को घेरा



- तहसीलदार को चार सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

**धरसींवां / कूंरा।** विधानसभा अंतर्गत नगर पंचायत कूंरा में बुधवार कांग्रेस ने जनसमस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना, प्रदर्शन व रैली निकालकर कार्यालय का घेराव किया। धरसींवां तहसीलदार बीएल कुर्रे को चार बिंदुओं का ज्ञापन सौंपा। बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण आंदोलन में शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान शुद्ध पेयजल की गंभीर समस्या, आवास हितग्राहियों को स्वीकृति न मिलने, राशन वितरण में अनियमितता और नगर के विकास कार्यों में लगातार हो रही देरी एवं अधिकारियों की मनमानी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से इन समस्याओं को लेकर शिकायतें की जा रही है। प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई, जिससे लोगों में भारी नाराजगी व्याप्त है।

**कांग्रेसियों ने जमकर लगाए आरोप :** कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन की लापरवाही और गलत नीतियों के कारण आम जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनता को पानी, आवास और राशन जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है, जो किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है।

**समस्याओं का समाधान नहीं होने पर फिर होगा आंदोलन :** प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर आक्रोश प्रकट किया और स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो यह आंदोलन और अधिक व्यापक एवं उग्र रूप लेगा। कांग्रेस पार्टी ने चेतावनी दी कि जनता के हितों की अनदेखी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जरूरत पड़ी तो जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### धरना- प्रदर्शन में ये हुए शामिल

रैली, प्रदर्शन व घेराव में पूर्व विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा , जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, अन्य पिछड़ा वर्ग कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष भावेश बघेल , पूर्व जिला अध्यक्ष उद्यो राम वर्मा , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा , ब्लॉक अध्यक्ष आशीष वर्मा , पूर्व बालक अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा , नगर पंचायत कुंरा अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी सुरेश साहू , नगर पंचायत उपाध्यक्ष राजा भैया , पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत ढालेंद्र वर्मा , मंडल अध्यक्ष साहिल खान , मदन गोयल , अनिल बघेल , पार्षद ढालचंद पाल , उमेश भतरिया , बसंत रजक , उमेश देवांगन , जगतु देवांगन , टिकेश्वरी हरीश साहू , रेखराज देवांगन , रिजवान खान , पूर्व पार्षद प्रेमलाल पाल , राजू राजकुमार कोसले , मीना चौहान , प्रमिला देवांगन , जीतू कोसले , चंदन देवांगन , गोपेश्वर धीवर , युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकित वर्मा , चूड़ामणि साहू , नीतू साहू , कलीम खान , रूपेश बघेल , रतन शोलंकी , उत्तम कान्हा वर्मा , सुशील खूंटे सहित अन्य कांग्रेसी व ग्रामीण शामिल हुए।

# दिया न्योता भोज और शिक्षक ने बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

**आरंग।** शिक्षक और विद्यार्थी का रिश्ता केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होता, बल्कि स्नेह और अपनत्व की डोर से भी बंधा होता है। इसकी एक खूबसूरत मिसाल शासकीय प्राथमिक शाला गुखेरा के वरिष्ठ शिक्षक रामनारायण कन्नौजे ने पेश की। उन्होंने अपने जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय के बच्चों के साथ खुशियां बांटते हुए 'न्योता भोज' का आयोजन किया। जन्मदिन के इस खास मौके पर शिक्षक कन्नौजे ने बच्चों को अपने हाथों से भोजन कराया। न्योता भोज के मेनू में खीर, पूरी, भजिया और केला शामिल था, जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। शिक्षक के इस स्नेहपूर्ण व्यवहार से अभिभूत होकर स्कूली बच्चों ने भी अपनी ओर से शिक्षक को 'लेखनी' (पेन) भेंट कर उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि पुरुषोत्तम सोनवानी, संकुल प्राचार्य टिकेश्वरी चंद्राकर, संकुल समन्वयक हरीश दीवान, एसएमसी अध्यक्ष रेखराज देवांगन सहित प्रभारी प्रधान पाठक के.के. साहू, प्रधान पाठक भोथली दिगंबर बरिहा एवं शिक्षकगण नोहरलाल यादव, विमला चौहान, घनश्याम साहू, फातिमा जांगड़े आदि की सहभागिता रही।

# तीन गांवों के लिए सीएम ग्राम गौरवपथ मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा

- राष्ट्रीय सुरक्षा जागरूकता अभियान में कई गांवों की 350 से अधिक महिलाओं पहुंची

क्षेत्रीय विकास और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ धरसींवां विधायक अनुज शर्मा के सतत प्रयासों को एक बड़ी सफलता मिली है। मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के अंतर्गत धरसींवां विधानसभा के तीन प्रमुख ग्रामों— परसतराई, कुरूद और नगरगाँव के लिए गौरवपथ निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक अनुज शर्मा लंबे समय से इन क्षेत्रों में पक्की सड़कों और जल निकासी की सुविधा के लिए प्रयासरत थे।

उन्होंने शासन स्तर पर मजबूती से पहल करते हुए इन ग्रामों की आवश्यकता को प्राथमिकता से रखा। स्वीकृति मिलने के बाद अब इन गाँवों की मुख्य सड़कों का कायाकल्प होगा, जिससे ग्रामीणों को कीचड़ और धूल से मुक्ति मिलेगी।मीडिया से चर्चा करते हुए इस उपलब्धि पर विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि आज का दिन हमारे धरसीवा परिवार के लिए बेहद खुशी और गर्व का दिन है।

मुझे यह बताते हुए बहुत संतोष हो रहा है कि मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के तहत हमारे विधानसभा के तीन महत्वपूर्ण ग्रामों— परसतराई, कुरुद और नगरगांव—के लिए गौरवपथ की स्वीकृति मिल गई है।धरसीवां विधानसभा का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के माध्यम से गाँवों के बुनियादी ढांचे को शहरी तर्ज पर विकसित किया जा रहा है, और आने वाले समय में अन्य ग्रामों को भी ऐसी ही विकास योजनाओं से जोड़ा जाएगा। मैं मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने हमारे प्रस्ताव पर मुहर लगाकर धरसीवा के विकास को गति दी। लेकिन सबसे बड़ा धन्यवाद मैं आप सबको देना चाहता हूँ। आप लोगों ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, यह उसी विश्वास की जीत है।

जब मैं परसतराई, कुरुद और नगरगांव आता था, तो लोगों की आंखों में विकास की जो उम्मीद दिखती थी, वही मुझे सदन में मजबूती से अपनी बात रखने की प्रेरणा देती थी।अभी तो यह शुरुआत है! मेरा लक्ष्य है कि धरसीवा का हर गाँव शहर जैसी सुविधाओं से लैस हो। विकास की यह गाड़ी अब रुकने वाली नहीं है। हम मिलकर 'नवा धरसीवा' बनाएंगे।

# उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना के हितग्राहियों को विधायक ने बांटे प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा/कूंरा

- प्रत्येक हितग्राहियों को हर साल मिलेगा 10 हजार रुपए



आज जनपद पंचायत धरसींवां में विधायक अनुज शर्मा नें दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत धरसींवां विधानसभा के हितग्राहियों कों प्रमाण पत्र वितरित किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नें आज वर्चुअल कार्यक्रम के ज़रिए दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के बलौदाबाजार से करीब 5 लाख भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के बैंक खाते में लगभग 500 करोड़ रुपए की राशि अंतरित किए हैं। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत 4.95 लाख से अधिक पात्र परिवारों के लिए राज्य सरकार की ओर से 495 करोड़ 96 लाख 50 हजार रुपए की राशि जारी किया गया है। भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष 10 हजार रुपए की वित्तीय सहायता सीधे हितग्राही के बैंक खाते में ट्रांसफ़र की गई।

इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि आज का यह दिन हम सबके लिए बहुत गौरव का दिन है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना को शुरू करने के पीछे हमारा उद्देश्य भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के शुद्ध आय में वृद्धि कर उन्हें आर्थिक रूप से संबल प्रदान करता है।अक्सर जब हम 'किसान' की बात करते हैं, तो दुनिया का ध्यान सिर्फ उन पर जाता है जिनके पास अपनी जमीन है। लेकिन मैं मानता हूँ कि खेती की असली रीढ़ हमारे वो भूमिहीन मजदूर भाई हैं, जो दूसरों के खेतों में अपना पसीना बहाकर देश का पेट भरते हैं।पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने कहा था— 'अंत्योदय', यानी समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का उदय। हमारी सरकार की यह योजना उसी सोच का परिणाम है।हमारी सरकार का संकल्प है कि कृषि श्रमिक सशक्त हों, गांव समृद्ध हों और विकसित छत्तीसगढ़ का आधार बनें। यह केवल राशि का वितरण नहीं है, बल्कि आपके पसीने और आपकी मेहनत का सम्मान है। आप भूमिहीन हो सकते हैं, लेकिन इस देश की खाद्य सुरक्षा में आपका योगदान किसी बड़े जमींदार से कम नहीं है। खेती में जब मंदी आती है या मौसम की मार पड़ती है, तो सबसे ज्यादा चोट हमारे मजदूर भाइयों को लगती है।

राशि प्राप्त करने के बाद हितग्राहियों ने विधायक अनुज शर्मा और सरकार का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुंतला ढीलेन्द्र सेन, दिनेश खटे, स्थानीय जनप्रतिनिधि, तहसीलदार ,कृषि विभाग के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और कृषि मजदूर उपस्थित रहे।

# स्थानीय परीक्षाओं की समय सारिणी में परिवर्तन की मांग

**आरंग।** जिला शिक्षा कार्यालय रायपुर द्वारा स्थानीय परीक्षाओं की समयसारणी घोषित की गई है, जो 30 मार्च से 10 अप्रैल 2026 तक आयोजित होनी है। समयसारणी को लेकर आंशिक परिवर्तन की मांग उठने लगी है। इसी बीच 30 मार्च एवं 2 अप्रैल को कक्षा 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षाएं भी निर्धारित हैं। अधिकांश शिक्षकों की केंद्राध्यक्ष के रूप में ड्यूटी लगी है, जिससे कई शालाओं में शिक्षकों की कमी बनी हुई है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। भीषण गर्मी के चलते जल स्तर घटने से पेयजल संकट की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है।

**न्यायालय-तृतीय अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, रायपुर छ.ग.**

दावा प्रकरण क्रमांक -924 / 2024 प्रोसेस क्रमांक 664
पेशी दिनांक 04.05.2026
कमलीनी उर्फ कुमुदनी ... आवेदक
विरूद्ध
तरूण साहू व अन्य .... अनावेदकगण
बनाम

शेख सलमान खान, पिता मोहम्मद हसन द्वारा दीपक मुदलियार, अंडर ब्रिज के पास, वार्ड क्र. 2 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. 492009

आवेदक ने आपके विरूद्ध दावा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम के तहत कुल रूपये 30,00,000/- (तीस लाख रूपये) की क्षतिपूर्ति हेतु संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय मे पेशी तारीख 04.05.2026 को 11:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात या उपस्थित होने के लिये समंस जारी किया जाता है।

अतः आपको इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है, तो इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध मे अनुदेश दिये गये हो और इससे संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस दावा के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है, इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो दावा की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

**नोट-** यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक .03.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

(शैलेश शर्मा)
तृतीय अति. मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण रायपुर (छ.ग.)
मुहर

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय रायपुर (छ.ग.)**

**:: शपथ पत्र ::**

मैं शपथकर्ती नफीसा अंसारी पति स्व. एजाज अहमद, निवासी बृज नगर मदरसा के पास मोती नगर, रायपुर (छ.ग.) 492001 निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँः-

1. यह कि मेरी पुत्री अलिश्बा फातिमा, का आधार कार्ड नंबर 2697 1228 3359 है।
2. यह कि, उक्त आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम अलिशमा फातिमा (ALISHMA FATIMA) दर्ज है, जो कि त्रुटिवश गलत दर्ज है।
3. यह कि, मेरी पुत्री का सही नाम अलिश्बा फातिमा (ALISHBA FATIMA) है, जो कि सत्य एवं सही है, यह सही नाम मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में भी दर्ज है।
4. यह कि, उक्त आधार कार्ड में दर्ज मेरी पुत्री का गलत नाम अलिशमा फातिमा (ALISHMA FATIMA) को सुधारकर मेरी पुत्री का सही नाम अलिश्बा फातिमा (ALISHBA FATIMA) दर्ज किया जावें एवं मेरी पुत्री को यही नाम से जाना व पहचाना जावें, जिस हेतु यह शपथपत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती

- सत्यापन -

मैं शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका क्रमांक 1 से 4 तक में वर्णित सभी तथ्य सही एवं सत्य है अतः मैंने आज दिनांक को स्वयं के हस्ताक्षर कर स्थान रायपुर में सत्यापित कर दिया।

दिनांक 10.03.2026
अलिश्बा फातिमा
शपथकर्ती

**:: आम सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता- प्रेमलाल साहू पिता- कलीराम साहू निवासी- जोरा पारा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के हक, आधिपत्य एवं स्वामित्व की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा- देवपुरी, प.ह.नं.-00073, रा.नि.मं.- रायपुर- 10, डूमरतराई, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है जिसका खसरा नंबर- 105/6 रकबा- 0.4250 हेक्टेयर है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि दिया जा चुका है उक्त भूमि का केवल बैनामा निष्पादन एवं पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय अंतरण व संव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, बीमा कंपनी, साहूकार, वित्तीय संस्थान, शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालय या निजी संस्था व निकाय को कोई उजर दावा व आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे उक्त पते पर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत कर देवें। मियाद बाद पेश की गयी कोई आपत्ति या उजर दावा मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी नही होगी तथा मेरा पक्षकार, विक्रेता को विक्रय प्रतिफल की शेष राशि अदा कर अपने पक्ष में विक्रयपत्र का पंजीयन एवं निष्पादन कराने के लिए स्वतंत्र होगा। सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 25/03/2026
भवदीय
रामदेव साहू, गुणेश कुमार (अधिवक्ता)
पता- गोवर्धन नगर, भनपुरी रायपुर
जिला रायपुर (छ.ग.) मो.नं.- 8839215858



# पानी की समस्या सुलझाने वार्ड पार्षदों के साथ निकली जल बोर्ड की टीम

## साथ ही स्मार्ट सिटी, अमृत की संयुक्त टीम कई वार्डों में पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर बुधवार को जल बोर्ड, जोन 4, अमृत मिशन और रायपुर स्मार्ट सिटी 24 जल आपूर्ति की संयुक्त टीम वार्ड पार्षदों के साथ अलग-अलग वार्डों में पहुंची। सुबह 6 बजे से 7:30 बजे नल खुलने के समय सदर बाजार के ट्राइएंगल स्पॉट पर नलों की धार बहुत कम आने की शिकायत रही। स्मार्ट सिटी और ठेका एजेंसी की टीम ने मौके पर प्रेशर ट्रांसमीटर लगाकर जल समस्या की पड़ताल की, तो पता चला टेल एंड में कचरा फंसा हुआ है। तत्काल कचरा साफ कर लो प्रेशर की शिकायत दूर की गई। जल बोर्ड के सदस्य योगेन्द्र साहू की टीम ने वार्ड पार्षद और जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा की मौजूदगी में लो प्रेशर की समस्या दूर की। इसी तरह भगवतीचरण शुक्ल वार्ड के 8 अलग-अलग पाइंट पर पेयजल की समस्या जांचने पहुंची टीम ने यह पाया कि कटोरातालाब की सकरी गली में 6 पाइंट पर अमृत मिशन के तहत पाइन लाइन का एप्रवूल नहीं है, इसलिए पाइप लाइन नहीं डाली गई। 2 पाइंट ऐसे भी रहे जहां वाल्व चेक की जरूरत पड़ी।

- सुबह 6 बजे सदर ब्राम्हणपारा वार्ड में पानी का प्रेशर जांचने पहुंची, प्रेशर ट्रांसमीटर से किया चेक

नगर निगम जोन 4 में पेयजल आपूर्ति की समस्या को लेकर महापौर मीनल चौबे द्वारा ली गई समीक्षा बैठक में पार्षदों द्वारा जिन इलाकों में पेयजल की समस्या बताई गई, उन जगहों पर जल बोर्ड के सदस्य, जोन 4 और अमृत मिशन तथा रायपुर स्मार्ट सिटी के 24 घंटे जल आपूर्ति की संयुक्त टीम पानी की समस्या जांचने पहुंची। इस दौरान ब्राम्हणपारा, सदरबाजार वार्ड, सिविल लाइन, भगवतीचरण शुक्ल वार्ड के प्रभावित इलाकों में वार्ड पार्षद के साथ टीम ने दौरा किया। इस दौरान बैरनबाजार, इलाके में अमृत की टीम पाइप लाइन की ड्राइंग डिजाइन के साथ समस्या का समाधान करने पहुंची। वार्ड पार्षद अमर गिदवानी द्वारा बताए गए 8 पाइंट अनुबंधित एजेंसी के कर्मचारी ने वहां जाकर देखा कि 6 लोकेशन में नई पाइप लाइन इसलिए नही डाली गई क्योंकि उस लोकेशन को उसमें शामिल ही नहीं किया है। 2 जगहों पर पानी का प्रेशर कम आने की शिकायत को लेकर अमृत वालों ने कहा वाल्व चेक करना पड़ेगा।



### मधु पिल्ले चौक के पास पानी का फोर्स बहुत कम

शांतिनगर क्षेत्र में मधु पिल्ले चौक के पास वार्ड पार्षद संजना हियाल ने पेयजल संकट की शिकायत की थी, पड़ताल करने पर पता चला कि उस जगह में पानी का फोर्स बहुत कम है। इंटरकनेक्शन करने और पुराने बोर में मोटरपंप लगाने से यह समस्या दूर हो सकती है। अमृत मिशन के अधिकारी के मौके पर समस्या दूर करने पहल की।

### कमांड एरिया ओवरलोड शाम को प्रेशर की दिक्कत

रायपुर स्मार्टसिटी मोतीबाग पानी टंकी कमांड एरिया में नल कनेक्शन बहुत ज्यादा संख्या में दिए जाने से कमांड एरिया ओवरलोड की स्थिति में इससे जब दो पार्ट में पानी की सप्लाई दी जाती है तो प्रेशर सही रहता है। पर शाम के समय पानी का प्रेशर लो होने से पेयजल की किल्लत से वार्ड वासियों को जूझना पड़ रहा है। वार्ड पार्षद एवं जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को इस बात से पहले ही अवगत कराया, पर ध्यान नहीं दिया गया। लो प्रेशर की दूसरी वजह पाइप लाइन में मिट्टी का जमा होना है।

### नेहरूनगर में लो प्रेशर, शुक्रवार को जाएगी टीम

मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड के नेहरूनगर क्षेत्र में लो प्रेशर की वजह से नलों में पानी कम आ रहा है। वार्ड पार्षद अर्जुमन-एजाज ढेबर ने समीक्षा बैठक में पेयजल समस्या को प्रमुखता से उठाया। जल बोर्ड और रायपुर स्मार्ट सिटी की टीम प्रभावित इलाके में शुक्रवार को जाकर समस्या का समाधान करेगी। महापौर के निर्देश पर संबंधित वार्डों में संयुक्त टीम ने पहुंचकर वार्ड पार्षदों की उपस्थिति में पेयजल समस्या की पड़ताल की और इसके निराकरण के उपाय किए। संयुक्त टीम के वार्ड भ्रमण के दौरान जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा, पंडित भगवती चरण शुक्ल वार्ड पार्षद अमर गिदवानी, ब्राम्हणपारा वार्ड पार्षद अजय साहू, सिविल लाइन वार्ड पार्षद संजना हियाल, सहायक अभियंता अनुराग पाटेकर, जल बोर्ड उप अभियंता रमेश पटेल, योगेन्द्र साहू, जोन 4 के उप अभियंता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप




### एनसीडी पर राज्यस्तरीय परामर्श का आयोजन

**रायपुर।** बच्चों में बढ़ते गैर-संचारी रोगों (एनसीडी), विशेषकर बाल मधुमेह, सिकल सेल रोग एवं जन्मजात हृदय रोग की रोकथाम, शीघ्र पहचान तथा प्रभावी प्रबंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से रायपुर में संजीव कुमार झा (संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं) की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय परामर्श का आयोजन किया गया। इस राज्य स्तरीय परामर्श में कुल 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस परामर्श का मुख्य उद्देश्य राज्य में बाल स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाना, बहु-विभागीय समन्वय को बढ़ावा देना तथा गुणवत्तापूर्ण उपचार एवं सुदृढ़ रेफरल सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना रहा।

## निधन

### पवन यदु



**रायपुर।** पुरानी बस्ती महामाई पारा निवासी पवन यदु (73) का 25 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे दीपक यदु के पिता और प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष दिनेश यदु के चाचा थे। उनके निधन पर रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# एनडीपीएस के दो अलग-अलग प्रकरण में तीन को 20-20 साल कैद के साथ जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एनडीपीएस एक्ट के दो अलग-अलग प्रकरण में कोर्ट ने तीन आरोपियों को 20-20 वर्ष कैद के साथ दो-दो लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश शैलेश शर्मा और किरण थवाइत की एनडीपीएस कोर्ट में हुई है। एक प्रकरण में सरस्वती नगर थाने की पुलिस ने कार्रवाई की थी, दूसरे प्रकरण में डीआरआई ने दो गांजा तस्करों को बिहार गांजा ले जाते गिरफ्तार किया था।

- 2024 और 2019 में सरस्वती नगर थाना क्षेत्र की घटना

विशेष लोक अभियोजक वीपी हनुमंता के अनुसार कोर्ट ने बिहार, बक्सर निवासी इम्तियाज खान, संजय यादव को कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। डीआरआई के अफसरों ने घेराबंदी कर पांच मई 2019 को ओडिशा के रास्ते आ रहे ट्रक को रोक कर जांच की, तो ट्रक के केबिन तथा कार्गोपोर्सन में 96 पैकेट गांजा मिला। कुल गांजा का वजन पौने तीन क्विंटल था। तस्कर ओडिशा, जैजपुर से गांजा तस्करी कर बिलासपुर के रास्ते बिहार ले जा रहे थे।

### कार में गांजा तस्करी पकड़ा गया था

विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार एक अन्य मामले में कोर्ट ने नरेश निहाल को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। नरेश के कब्जे से पुलिस ने 40 किलो गांजा जब्त किया था। नरेश कार की डिक्की में गांजा लेकर जा रहा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर नरेश के कब्जे से 16 अप्रैल 2024 को गांजा की जब्ती की थी।

## बिजनेस साइट

### उड़ान आईएएस एकेडमीः टीईटी-2025 में सफल अभ्यर्थियों का सम्मान समारोह आयोजित

**रायपुर।** उड़ान आईएएस एकेडमी रायपुर द्वारा बुधवार को छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2025 में सफल हुए अभ्यर्थियों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों सफल उम्मीदवारों को प्रमाण-पत्र एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के उड़ान आईएएस एकेडमी के डिप्टी डायरेक्टर रवि गोयल ने कहा कि टीईटी 2025 में मिली सफलता उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण करना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। संस्थान के असिस्टेंट डायरेक्टर सुधीर वर्मा ने अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए आगामी शिक्षक भर्ती परीक्षाओं के लिए अभी से सुनियोजित और ठोस तैयारी पर जोर दिया। कार्यक्रम में सीनियर फैकल्टी अनीश शर्मा, दिव्या, रुपेश साहू एवं खिलेश्वर रक्सेल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विभागीय भर्ती परीक्षा की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।





### छत्तीसगढ़ सरकार और पीएनबी के बीच वेतन खातों के लिए समझौता

pnb बड़े देश का Bada Bank

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सरकार और पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) के बीच राज्य के शासकीय कर्मचारियों के लिए विशेष वेतन खाते खोलने को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं के साथ अतिरिक्त लाभ उपलब्ध कराना है। समझौते पर राज्य सरकार की विशेष सचिव (वित्त) शीतल शाश्वत वर्मा और पीएनबी अंचल कार्यालय रायपुर के महाप्रबंधक आशीष चतुर्वेदी ने हस्ताक्षर किए। इस योजना के तहत कर्मचारियों को चार अलग-अलग वैरिएंट में सैलरी खाते मिलेंगे, जिनमें शून्य शेष खाता, पसंद का खाता नंबर चुनने की सुविधा, निशुल्क चेकबुक और डिजिटल लेनदेन शामिल हैं। इसके अलावा परिवार के चार सदस्यों तक शून्य शेष बचत खाते, आकर्षक बीमा कवर और अन्य आधुनिक सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी।

# नौकरी लगाने का झांसा देकर 2.34 करोड़ की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने एमबीबीएस, पोस्ट ऑफिस सहित अन्य सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2.34 करोड़ रुपए की ठगी करने के एक अन्य आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने संजय निराला की शिकायत पर पूर्व में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर किया है। ठगी के आरोप में पुलिस ने वेस्ट दिल्ली पालमपुर से साक्षी सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि पूर्व में गिरफ्तार भुनेश्वर बंजारे, नरेश मनहर, हीरा दिवाकर, राकेश रात्रे ने संजय के रिश्तेदारों को विभिन्न सरकारी पदों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया था। एक आरोपी ने साक्षी सिंह को मोटी रकम देकर फर्जी एमबीबीएस का सर्टिफिकेट भी बनवाया था।

### गोदाम से वायर चोरी कर ले गया

**रायपुर।** डीडीनगर थाना में कंस्ट्रक्शन कार्य से जुड़े एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ 45 हजार रुपए कीमत का कंस्ट्रक्शन वायर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। भुमराज वैरागड़े ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। भुमराज ने पुलिस को बताया है कि उसका कंस्ट्रकशन का कार्य चल रहा है। रायपुरा, महादेव घाट रोड स्थित एक दुकान किराए पर लेकर कंस्ट्रक्शन वायर सहित अन्य सामान स्टोर कर रखा था। अज्ञात चोर मंगलवार-बुधवार दरमियानी रात दुकान में लगे शटर का ताला तोड़ कर वायर चोरी कर ले गया।

## पेज 11 के शेष ...

### महाविद्यालयों-विश्वविद्यालयों के लिए...

गया है। इसके स्थान पर कर्मचारी चयन बोर्ड गठित किया जाएगा। विधानसभा के बजट सत्र में इसके अनुमोदन पश्चात सामान्य प्रशासन विभाग ने नोटिफिकेशन जारी करने के लिए राजभवन को नोटशीट भेजा है। नोटिफिकेशन के राजपत्र में प्रकाशन पश्चात व्यापम भंग हो जाएगा। व्यापम को जिन विभागों द्वारा प्रवेश परीक्षा आयोजित करने आवेदन प्राप्त होते हैं वे उनकी परीक्षाएं आयोजित कराकर परिणाम सौंप देता है। काउंसिलिंग, दस्तावेज सत्यापन से लेकर चयन सूची जारी करने तक की प्रक्रिया उक्त विभाग को ही करनी होती है। कर्मचारी चयन बोर्ड की स्थापना के बाद यह व्यवस्था बंद होगी। परीक्षा आयोजित किए जाने से लेकर संबंधित विभाग के लिए चयन सूची जारी किए जाने तक का कार्य कर्मचारी चयन बोर्ड ही करेगा।

### 2023 में विज्ञापन...

अधिक समस्या नहीं होती। लेकिन बीएससी गणित व बायो वाले विद्यार्थियों को स्टाफ की कमी के कारण प्रायोगिक कार्यों में उचित सहयोग नहीं मिल पा रहा था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी प्रायोगिक कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। ऐसे में नियुक्ति होने के पश्चात अध्ययन कार्यों में महाविद्यालयों को राहत मिल सकेगी।






## खबर संक्षेप



### डीएड अभ्यर्थियों ने सप्तमी पर 108 दीप प्रज्ज्वलित कर मांगी मन्नत

**रायपुर।** नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर डीएड अभ्यर्थियों सप्तमी के दिन 108 दीप प्रज्वलित कर मन्नत मांगी। इस मौके 14 मंत्रियों के नाम दीप जलाकर सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए ईश्वर से कामना की। छत्तीसगढ़ के 2300 डीएड चयनित अभ्यर्थियों द्वारा सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति की मांग को लेकर चल रहा आमरण अनशन बुधवार को 91वें दिन भी जारी रहा। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे सभी विधिवत चयनित होने के बावजूद अब तक नियुक्ति से वंचित हैं, जिससे उनके भविष्य पर गहरा संकट उत्पन्न हो गया है। अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष कर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी नियुक्ति सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक उनका आमरण अनशन जारी रहेगा।

### हेलमेट अनिवार्य करने की मांग, पुलिस कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** बढ़ते सड़क हादसों और सिर में गंभीर चोटों के कारण मौतों को देखते हुए विभिन्न शहरों में हाईवे और शहर की मुख्य सड़कों पर दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट अनिवार्य करने की मांग को लेकर पुलिस कमिश्नर, अधीक्षक को ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को नहरपारा विकास समिति के पदाधिकारियों ने परिवहन आयुक्त के पत्र का हवाला देते हुए पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला से हाइवे में हेलमेट अनिवार्य करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद रमेश आहुजा ने कहा कि 23 मार्च को परिवहन आयुक्त का पत्र रमेश आहूजा को मिला है जिसमें उन्होंने मोटरयान अधिनियम के तहत मोटर सायकल के चालक तथा सवार जो 4 वर्ष से अधिक उम्र का है की सिर की सुरक्षा के लिए मोटर सायकल की सवारी करते समय हेलमेट पहना जाना अनिवार्य किया है। मांग करने वालों में समिति के उपाध्यक्ष बलराम आहूजा, सुरेन्द्र छाबड़ा, किशोर आहूजा आदि है।

### आलोक बने प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रभारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज के युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष और



लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेश प्रवक्ता आलोक श्रीवास्तव को व्यापार प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रभारी एवं भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। श्री श्रीवास्तव भाजपा रायपुर में बहुत सक्रिय नेता है उनकी पहचान जनता से जुड़ी समस्याओं व जन आंदोलन से जुड़ी है।

### विशेष बच्चों के अभिभावकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम शुरू



**रायपुर।** आकांक्षा लायंस इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पावरमेंट द्वारा विशेष बच्चों के अभिभावकों के लिए “बढ़ते कदम” नामक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को दिव्यांगजनों के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं, अधिकारों एवं सुविधाओं के बारे में जागरूक करना है, ताकि वे अपने बच्चों के भविष्य की बेहतर योजना बना सकें। कार्यक्रम के दौरान नेशनल ट्रस्ट, नई दिल्ली द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। इनमें विशेष रूप से निरामया स्वास्थ्य बीमा योजना एवं कानूनी अभिभावकता जैसी महत्वपूर्ण पहल शामिल हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के निदेशक योगश नगाइच एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज कल्याण विभाग के उप निदेशक सीता की उपस्थिति रही।

# प्रदेश की 52 लाख से ज्यादा गाड़ियों में से महज 10 लाख में एचएसआरपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

अप्रैल 2019 के पूर्व जितनी पुरानी गाड़ियां हैं, उन सब में अनिवार्य रूप से हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने की अनिवार्यता है। परिवहन विभाग पिछले दो वर्षों से अप्रैल 2019 के पूर्व की गाड़ियों में एचएसआरपी लगाने मुहिम चला रहा है। बावजूद इसके वाहन मालिक एचएसआरपी लगवाने इच्छुक नहीं दिख रहे। दो साल में अब तक अप्रैल 2019 के पूर्व की 10 लाख 15 हजार 286 गाड़ियों में एचएसआरपी लग पाया है। परिवहन विभाग के रिकार्ड में अप्रैल 2019 के पूर्व 52 लाख 48 हजार 476 गाड़ियां रजिस्टर्ड हैं। अप्रैल 2019 के पूर्व की गाड़ी मालिकों का मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने की वजह से एचएसआरपी करवाने पूर्व में एचएसआरपी के आवेदन देने के पूर्व मोबाइल नंबर अपडेट कराने का नियम अनिवार्य किया गया था।

प्रक्रिया लंबी तथा लेंदी होने की बात कह कर अप्रैल 2019 के पूर्व के वाहन मालिक एचएसआरपी लगवाने ध्यान नहीं दे रहे थे। इस बात का ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मोबाइल नंबर अपडेट कराने के नियम को ऑप्शनल कर दिया। इसके बाद भी वाहन मालिक एचएसआरपी लगवाने गंभीर नहीं दिख रहे।

### ई-चालान से बचने एचएसआरपी से बच रहे

एक अप्रैल 2019 के पूर्व की ज्यादातर गाड़ी के मालिकों का मोबाइल नंबर अपडेट नहीं है। इसके चलते ट्रैफिक उल्लंघन करने पर भी उन वाहन मालिकों द्वारा ट्रैफिक उल्लंघन करने पर ई-चालान कटता है, तो फिर पत और मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने से चालान की कॉपी वाहन मालिक तक नहीं पहुंच पाता।



- मोबाइल नंबर अपडेट ऑप्शनल होने के बाद 30 हजार वाहन चालकों ने एचएसआरपी के लिए दिए आवेदन
- ई-चालान से बचने लोग नहीं बदलवा रहे नंबर प्लेट

### एक प्रतिशत से भी कम आवेदन

परिवहन विभाग द्वारा नियम शिथिल करने के पूर्व एक अप्रैल 2019 के पूर्व के 9 लाख 85 हजार वाहन के मालिक एचएसआरपी नंबर लगवा चुके हैं। मोबाइल नंबर अपडेट कराने का नियम ऑप्शनल होने के बाद भी एक प्रतिशत लोगों ने अपने पुरानी गाड़ियों में एचएसआरपी लगवाने आवेदन किया है। फरवरी में मोबाइल नंबर अपडेट कराने का नियम ऑप्शनल होने के बाद एक महीने के भीतर 30 हजार 541 वाहन मालिकों ने परिवहन विभाग में एचएसआरपी के लिए आवेदन किया है।

### इन गाड़ियों का चालान नहीं कट रहा

राजधानी पुलिस ट्रैफिक उल्लंघन के नियमित औसतन साढ़े तीन हजार ई-चालान काटती है। जितने ई-चालान कटते हैं, उनमें से 25 से 30 प्रतिशत चालान को रद्दी की टोकरी में डालना पड़ता है। इसका प्रमुख कारण गाड़ी मालिकों का नाम पता अपडेट नहीं होना है। ऐसे में ऐसी गाड़ियों से अपराधी गंभीर किस्म के अपराध कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो सकते हैं।

### ट्रैफिक पुलिस को दिखानी होगी सख्ती

एक अप्रैल 2019 के पूर्व की गाड़ियों में एचएसआरपी लगाने ट्रैफिक पुलिस के साथ परिवहन विभाग के अफसरों को लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करनी होगी। इसके बाद ही अप्रैल 2019 के पूर्व की गाड़ियों में एचएसआरपी लगाने का लक्ष्य पूरा हो पाएगा। लक्ष्य पूरा करने ट्रैफिक पुलिस के जवानों को हर चौक चाराहे पर बगैर एचएसआरपी गाड़ियों को रोक सख्ती से चालानी कार्रवाई करने के साथ ही एचएसआरपी लदवाने दबाव बनाने की जरूरत है।

## 10 से 15 प्रतिशत कार्ड धारकों का खाद्यान्न लैप्स होने की संभावना

# 5 दिन बंद रही राशन दुकानें, 60 प्रतिशत वितरण, 4 दिनों में 40% बांटा जाना है खाद्यान्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग का साफ्टवेयर अपडेट होने के कारण 5 दिनों तक प्रदेशभर की उचित मूल्य की दुकानें बंद रहीं। इसके कारण इस दौरान कार्ड धारकों को चावल, शक्कर एवं नमक का वितरण नहीं हो पाया। प्रदेश में 82 लाख 65 हजार 356 कार्ड धारक हैं। इनमें से अब तक 49 लाख 59 हजार यानी लगभग 60 प्रतिशत कार्ड धारकों को ही खाद्यान्न बांटा जा सका है, इनमें भी बहुतों को शक्कर तक नहीं मिल पाई है। इधर मार्च का महीना खत्म होने में अब शेष 6 दिन ही बचे हैं। इनमें भी 2 दिन रामनवमी और सोमवार को राशन दुकानों में अवकाश होने के कारण दुकानें बंद रहेंगी। इस तरह 40 प्रतिशत बचे कार्ड धारकों को सिर्फ चार दिन में ही खाद्यान्न बांटा जाना है। विभाग के लिए यह चुनौती से कम नहीं होगा, क्योंकि 60 प्रतिशत खाद्यान्न को 16 दिनों में बांटा गया है। ऐसे में 4 दिनों में 40 प्रतिशत कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरण करना मुश्किल होगा।

### 10 से 15 प्रतिशत कार्ड धारकों को खाद्यान्न लैप्स होने की संभावना

*प्रदेश में जिस तरह से अब तक 40 प्रतिशत कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरण नहीं हो पाया है, और नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों में गाड़ियों का टोटा है। इसे देखते हुए यह संभावना भी जताई जा रही है कि आगामी 4 दिनों में ज्यादा से ज्यादा 20 से 25 प्रतिशत कार्ड धारकों को ही खाद्यान्न वितरण किया जा सकता है। ऐसा हुआ तो छूटे हुए 10 से 15 प्रतिशत कार्ड धारकों का खाद्यान्न लैप्स हो जाएगा।*

### 20 मार्च की स्थिति में जिलेवार चावल वितरण का प्रतिशत

रायपुर 63.13, बालोद 71.05, बलौदाबाजार 65.16, बलरामपुर 60.81, बस्तर 48.28, बेमेतरा 57.36, बीजापुर 69.01, बिलासपुर 64.69, दंतेवाड़ा 51.56, धमतरी 75.05, दुर्ग 63.41, गरियाबंद 60.93, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही 52.20, जांजगीर 62.18, जशपुर 60.85, कांकेर 56.21, कवर्धा 45.83, खैरागढ़-छुईखदान 71.25, कोंडागांव 51.58, कोरबा 41.06, कोरिया 75.92, महासमुंद 46.22, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी 74.15, मोहला-मानपुर 61.33, मुंगेली 71.59, नारायणपुर 73.15, रायगढ़ 63.97, राजनांदगांव 60.11, सक्ती 71.94, सारंगढ़-बिलाईगढ़ 61.52, सरगुजा 52.13, सुकमा 61.20, सूरजपुर 79.15 प्रतिशत चावल वितरण हुआ है। चावल के अलावा शक्कर, नमक का भी वितरण हुआ है। सूत्र के अनुसार शक्कर का वितरण 60 प्रतिशत से भी कम हो पाया है।



*महांत तक कर लिया जाएगा : साफ्टवेयर अपडेट के कारण 5 दिन तक उचित मूल्य की दुकानें बंद रहीं। रायपुर जिले में 63.13 प्रतिशत हितग्राहियों को चावल सहित अन्य खाद्यान्न का वितरण हो गया है। शेष हितग्राहियों को माहांत तक वितरण कर लिया जाएगा। - भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक रायपुर*

**कई दुकानों में भंडारण नहीं, नान गोदामों में गाड़ियों के टोटा से सप्लाई प्रभावित :** दुकानदारों ने यह भी बताया कि अभी तक प्रदेश में लगभग 40 प्रतिशत यानी लगभग 32 से 33 लाख कार्ड धारकों को खाद्यान्न बांटा नहीं गया है। ऐसे में अब 4 दिनों में बचे हुए कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरण करना आसान नहीं होगा, क्योंकि अभी भी कई दुकानों में पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न का भंडारण नहीं हो पाया है। दुकानें जरूर आज से खुलेंगी, लेकिन इतने कम दिनों में नागरिक आपूर्ति निगम खाद्यान्न की सप्लाई नहीं कर पाएगा, क्योंकि गोदामों में गाड़ियों का टोटा है। गोदामों में कम गाड़ियां लगाए जाने के कारण सप्लाई काफी धीमी है।

### साफ्टवेयर अपडेट करने के लिए दिन निर्धारित करने में बड़ी लापरवाही

*विभाग ने साफ्टवेयर अपडेट करने के लिए 21 से 25 मार्च का समय निर्धारित किया था। इसके कारण 5 दिनों तक विभाग का साफ्टवेयर बंद रहा, जिसके कारण ईपॉस मशीन भी बंद रही। यही कारण है कि 5 दिनों तक प्रदेशभर की सरकारी राशन दुकानें भी बंद रहीं। नाम नहीं छापने की शर्त पर कुछ दुकानदारों ने बताया कि हर महीने की पहली तारीख से लेकर 4 तारीख तक वैसे भी पोर्टल में खाद्यान्न की एंट्री करने का काम चलता है, जिसके कारण इस दौरान वितरण का कार्य भी बंद रहता है। साफ्टवेयर को अगर महीने के प्रथम सप्ताह में ही अपडेट करने का कार्य किया जाता, तो महीने के आखरी दिनों में दुकानें बंद करने की आवश्यकता नहीं पड़ती।*

# व्यापारियों की समस्याओं को सुलझाने चैंबर ने विषय विशेषज्ञों को बनाया विभागों का सलाहकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- 20 अनुभवी विशेषज्ञों को दी जिम्मेदारी, व्यापारियों के सीधे संपर्क में रहेगी

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने व्यापारिक हितों के संरक्षण और उन्हें कानूनी व तकनीकी अड़चनों से राहत दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। चैंबर द्वारा प्रदेशभर के विषय विशेषज्ञों को विभिन्न विभागों का सलाहकार नियुक्त किया गया है। यह विशेषज्ञ टीम व्यापारियों को जीएसटी, आयकर, बैंकिंग और श्रम कानून जैसे जटिल विषयों पर आ रही परेशानियों का निराकरण करने और उन्हें सही मार्गदर्शन देने सीधे संपर्क में रहेगी।

प्रदेशभर के व्यापारियों को विभिन्न विषयों पर समय रहते मार्गदर्शन देने और उनके व्यापारिक समस्याओं का विशेषज्ञों के माध्यम से सीधे समाधान कराने छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स ने एक नई पहल की है। इसके लिए अलग-अलग विषयों के जानकारों को चैंबर ने सलाहकार बनाया है। ये सलाहकार जीएसटी, आयकर, बैंकिंग और श्रम कानून जैसे जटिल विषयों पर आ रही परेशानियों को दूर करने में सेतु का काम करेंगे। मार्गदर्शन देने के लिए विशेषज्ञों की सलाहकार टीम व्यापारियों के सीधे संपर्क में रहेगी।

### व्यापारी वर्ग हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़

चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने बताया कि प्रदेश का व्यापारी वर्ग हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। अकसर जीएसटी, आयकर और बैंकिंग जैसे जटिल व तकनीकि विषयों के कारण व्यापारियों को अनावश्यक मानसिक और आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ता है। हमारा लक्ष्य केवल व्यापार करना नहीं, बल्कि व्यापार सुगमता को धरातल पर उतारना है। इसी मकसद से चैंबर ने प्रदेश के नामचीन विशेषज्ञों की एक एडवाइजरी टीम तैयार की है। ये सलाहकार केवल कागजों पर नहीं वरन सीधे फील्ड में उतरकर व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करेंगे। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, सलाहकार अमर गिदवानी ने कहा है कि अब किसी भी व्यापारी को नोटिस या कानूनी पेचीदगियों से घबराने की जरूरत नहीं है, हमारी टीम उनके साथ खड़ी है।

# दो परीक्षाओं में शामिल हुए केवल चार छात्र, इनमें भी दो फेल!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- रविवि ने जारी किए 19 कक्षाओं के परिणाम
- पुराने पाठ्यक्रम आधारित परीक्षाओं में होते हैं कम परीक्षार्थी

पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा दिसंबर-जनवरी में आयोजित सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम जारी करने का सिलसिला जारी है। रविवि द्वारा 19 कक्षाओं के परिणाम जारी किए गए हैं। इनमें से दो विषय ऐसे रहे, जिनमें सिर्फ दो-दो छात्र ही परीक्षा में शामिल हुए। इनमें भी आधे अनुत्तीर्ण रहे। इन विषयों में एमएड एटीकेटी द्वितीय सेमेस्टर और बीपीएड ओल्ड कोर्स प्रथम सेमेस्टर शामिल है। विश्वविद्यालयीन नियमों के अनुसार छात्रों द्वारा दाखिला लेते समय जो पाठ्यक्रम लागू होता है, उसी पाठ्यक्रम के आधार पर विवि द्वारा छात्रों के लिए परीक्षा आयोजित करना अनिवार्य है। विवि के पाठ्यक्रम नियमित अंतराल में बदलते रहते हैं, लेकिन कई छात्र वर्षों गुजर जाने के बाद भी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाते हैं। इन अनुत्तीर्ण छात्रों की संख्या घटती जाती है। नियमतः एक परीक्षार्थी भी होने की स्थिति में विवि प्रबंधन द्वारा परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं।

### तीन पाठ्यक्रमों के परिणाम 100 फीसदी

एमएससी आईटी (एटीकेटी) द्वितीय सेमेस्टर, एमए दर्शनशास्त्र व योग तृतीय सेमेस्टर, एमएससी गृह विज्ञान (संसाधन प्रबंधन और मानव विकास) तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम 100 फीसदी रहे हैं। इसके अलावा पंच वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएएलएलबी भाग-5 प्रथम सेमेस्टर 97.83% उत्तीर्ण दर रही। एलएलबी भाग-2 में 95.74 व भाग-3 दोनों में 95.57% छात्र उत्तीर्ण रहे। सबसे कम उत्तीर्ण दर डीसीए (डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन) की रही। डीसीए की परीक्षा में 538 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से सिर्फ 44.8% ही परीक्षा उत्तीर्ण कर सके। छात्र अपने पूर्ण स्कोरकार्ड विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।पुनर्मूल्यांकन व पुनगर्णना के लिए आवेदन इस परिणाम की घोषणा के 15 दिनों के भीतर ऑनलाइन जमा किए जा सकेंगे।

# महापौर मीनल ने 11 ईवी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



महापौर मीनल चौबे ने शहर की कचरा संग्रहण प्रणाली में सुधार के लिए बुधवार को 11 सफाई इलेक्ट्रानिक वाहनों को रही झंडी दिखाकर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए रवाना किया। निगम मुख्यालय से रामकी कंपनी की नई गाड़ियां अब नए रूट पर रहवासी इलाकों में जाकर लोगों के घरों से गीला अव सूखा कचरा कलेक्ट कर सेकेंडरी पाइंट तक पहुंचाएगी।

दरअसल, भारत सरकार ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम को 28 जनवरी 2026 से अधिसूचित किया है, ये 1 अप्रैल से पूरे देश में लागू होंगे। इसमें अब प्रत्येक नागरिक, संस्थान को गीला, सूखा कचरा, सेनेटरी एवं स्पेशल केयर वेस्ट चार श्रेणियों में कचरा अलग-अलग कर देना अनिवार्य है।

रामकी कंपनी द्वारा शहर के 70 वार्डों में इस समय 258 सफाई वाहनों के माध्यम से लोगों के घरों व दुकानों से गीला और सूखा कचरा एकत्र कर सेकंडरी पाइंट में पहुंचाया जा रहा है। जहां से इसे सकरी स्थित लैंडफिल साइट पर मशीनों के माध्यम से वैज्ञानिक निष्पादन करने की व्यवस्था है। बुधवार को 11 नई इलेक्ट्रानिक वाहनों का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे, नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री-सुनील चंद्राकर, एमआईसी सदस्य महेंद्र खोडियार, मनोज वर्मा, भोलाराम साहू, अमर गिदवानी, नंद किशोर साहू, संजना-संतोष हियाल, खेम कुमार सेन, सरिता-आकाश दुबे, सुमन-अशोक पांडे, अपर आयुक्त स्वास्थ्य विनोद पांडे, अपर आयुक्त राजस्व कृष्णा खटिक, मुख्य अभियंता संजय बागड़े, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, उपायुक्त राजस्व जागृति साहू, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियंता योगेश कडू सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्लास्टिक की बोतल में शराब के विरोध में उतरा एसोसिएशन, कहा लीचिंग का बढ़ सकता है खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में आबकारी विभाग की नई नीति के तहत एक अप्रैल से शासकीय शराब दुकानों में कांच के स्थान पर प्लास्टिक की बोतलों में शराब की बिक्री का नियम लागू होने जा रहा है। नया नियम लागू होने से पहले छत्तीसगढ़ बॉटल एसोसिएशन इस निर्णय के विरोध में उतर आया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज मलिक का कहना है कि प्लास्टिक की बोतल में लंबे समय से शराब रखने से लीचिंग का खतरा बढ़ सकता है। इससे रासायनिक तत्व पेय पदार्थ में घुलने की संभावना होती है, जो स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है। यही नहीं, प्लास्टिक बोतल से पर्यावरण को नुकसान होगा, साथ ही कांच की बोतलों की रीसाइकिलिंग से जुड़े हजारों लोग बेरोजगार भी हो जाएंगे।



फाइल फोटो

### रोजगार और पर्यावरण पर भी पड़ेगा असर

एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि प्रदेश में कांच की बोतलों की रीसाइकिलिंग से जुड़ा एक बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है। इससे हजारों लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि यदि प्लास्टिक बोतलों का उपयोग बढ़ता है, तो कांच की बोतलों की मांग घटेगी। इससे कई लोगों का रोजगार प्रभावित हो सकता है। सदस्यों का यह भी कहना है कि प्लास्टिक बोतल के चलन से कांच से जुड़े कामगार, कबाड़ी और छोटे कारोबारी भी प्रभावित होंगे।

### प्लास्टिक बोतलों के विरोध में आबकारी कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

एसोसिएशन के अध्यक्ष मलिक ने बताया कि कांच की जगह प्लास्टिक (आरपीईटी) बोतलों में शराब भरने के प्रस्तावित निर्णय के विरोध में एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को आबकारी कमिश्नर आर. संगीता से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन के माध्यम से कांच की जगह प्लास्टिक की बोतल संबंधी लिए गए निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष सहित एसोसिएशन के सदस्य अकरम कुरैशी, सोहन लाल देवांगन, नम्रता देवांगन, विक्की देशपांडे आदि शामिल रहे।

### प्लास्टिक बोतल का सही प्रबंधन नहीं होने से बढ़ेगा प्रदूषण

*एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि प्लास्टिक बोतलों के कारण पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचने की संभावना है। कांच की बोतल पूरी तरह से रीसाइकिल की जा सकती है, वहीं प्लास्टिक कचरे का सही प्रबंधन नहीं होने पर प्रदूषण बढ़ सकता है। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि आबकारी कमिश्नर आर. संगीता ने उनकी बातें सुनने के बाद कहा कि यदि उनके पास वैज्ञानिक अध्ययन या रिपोर्ट है, तो विभाग उस पर चर्चा करने को तैयार है। उन्होंने यह आश्वासन भी दिया कि इस विषय को आबकारी मंत्री के समक्ष रखा जाएगा।*

# पचपेड़ी नाका से भाठागांव तक नई बायपास सड़क, 60 फीट चौड़ी सड़क के लिए सर्वे शुरू, निगम और राजस्व विभाग ने किया संयुक्त सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पचपेड़ी नाका से भाठागांव तक नई बायपास सड़क बनेगी। 60 फीट की इस सड़क के लिए रायपुर नगर निगम और राजस्व विभाग ने सर्वे शुरू कर दिया है। करीब 4.5 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के बनने से डेढ़ लाख लोगों को राहत मिलेगी। केनाल रोड 2.0 कलर्स माल के पीछे से शुरू होकर भाठागांव मार्ग तक विकसित किया जाएगा। नगर निगम ने इस कार्य के लिए 20 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा है। मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना के तहत इस प्रोजेक्ट को लिया गया है।

दरअसल, रिंगरोड पर ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को कम करने पचपेड़ी नाका से भाठागांव तक केनाल रोड 2 का निर्माण कराया जाएगा। लंबे समय से अटके इस प्रोजेक्ट के लिए नगर निगम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने सर्वे कर नापजोख का काम शुरू कर दिया है। राज्य सरकार ने इस अहम प्रोजेक्ट के लिए अपने बजट में 20 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक 4.5 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के बनने से लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। यह सड़क न सिर्फ पुरानी धमतरी रोड से भाठागांव तक एक मजबूत कनेक्टिविटी देगी, बल्कि शहर के सबसे व्यस्त रूट में शामिल रिंगरोड पर ट्रैफिक का दबाव काफी हद तक कम होगा। नई बायपास सड़क निर्माण में अतिक्रमण एक प्रमुख चुनौती के रूप में है। इसके कारण 165 लोगों को नोटिस भेजा गया है। शहरीकरण से नहर कब्जे का शिकार है, नहर किनारे अवैध रूप से मकान बनने से पुरानी नहर नाले में तब्दील हो गई है। इसके चौड़ीकरण के लिए नपाई शुरू हो गई है।

### फैक्ट

**सड़क का नाम :** केनाल रोड 2.0 सड़क
**बायपास सड़क कुल लंबाई :** 4.5 किलोमीटर
**निर्माण लागत :** 20 करोड़
**निर्माण एजेंसी :** नगर निगम रायपुर
**नई सड़क बनने से डेढ़ लाख आबादी को राहत**



**शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा है प्रस्ताव :** केनाल रोड 2.0 के लिए नगर निगम और राजस्व विभाग ने संयुक्त सर्वे शुरू कर दिया है। राज्य शासन ने बजट में इस प्रोजेक्ट के लिए 20 करोड़ का प्रावधान किया है। हमने प्रस्ताव बनाकर शासन की प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भेजा है। यह सड़क 7 मीटर से बढ़ाकर 18 मीटर यानी 60 फीट की जाएगी। **- इमरान खान,** अधीक्षण अभियंता, नगर निगम रायपुर

***इन इलाकों को मिलेगा फायदा :*** *संतोषीनगर, रावतपुरा सिटी, चौरसिया कालोनी, भैरव सोसाइटी सहित 40 से अधिक कालोनियों के लोगों को राहत मिलेगी। अभी इन क्षेत्रों के रहवासी रिंग रोड पर निर्भर हैं। इसके अलावा पुराना धमतरी रोड जाने के लिए कुशालपुर, प्रोफेसर कालोनी, भाठागांव वालफोर्ट सिटी व आसपास के इलाकों के रहवासियों को राहत मिलेगी।*

***ये है प्रोजेक्ट :*** *केनाल रोड 2.0 कलर्स माल के पीछे से शुरू कर भाठागांव मार्ग तक विकसित की जाएगी। यह सड़क एनएच 53 के समानांतर बनेगी, जिससे शहर के भीतर एक वैकल्पिक और तेज कनेक्टिविटी मार्ग तैयार होगा। पुराना धमतरी रोड से भाठागांव को जोड़ने में यह सड़क अहम भूमिका निभाएगी।*



हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 26 मार्च 2026
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



सप्तमी पर कालरात्रि स्वरूप की भक्तों ....

## लाइव इवेंट

## परीक्षा के परिणाम को लेकर घबराएं नहीं स्टूडेंट्स के लिए कई कॅरियर ऑप्शन खुले



**रायपुर।** स्टूडेंट्स किसी भी परीक्षा को जीवन की अंतिम परीक्षा मानकर न चलें और न ही असफलता से घबराएं। आज के समय में स्टूडेंट्स के लिए ढेरों कॅरियर विकल्प हैं, जिससे स्टूडेंट्स अपने भविष्य को सुनहरा बना सकता है। यह कहना है शहर की जाने-माने कॅरियर काउंसलर डॉ. अजित वरवंडकर और डॉ. वर्षा वरवंडकर का। उनका कहना है कि स्टूडेंट्स किसी भी परिस्थिति में परीक्षा को जीवन की अंतिम परीक्षा न मानें। परीक्षा में सफलता या असफलता से व्यक्ति की कामयाबी की पैमाना तय नहीं होता। स्टूडेंट्स अपने पर भरोसा रखें। मन में हताशा या नकारात्मक भाव आए तो वे अपने पैरेंट्स, टीचर्स से बात कर समस्या का समाधान ढूंढें। इस स्थिति में पैरेंट्स व टीचर्स बच्चों का हौसला बढ़ाएं। 10वीं-12वीं की परीक्षा में असफल होना जीवन का अंत नहीं, बल्कि नए अवसरों की शुरुआत है।

### ये हैं कॅरियर ऑप्शन

12वीं के असफल स्टूडेंट्स सीबीएसई, सीआईएससीई या राज्य बोर्ड के माध्यम से तुरंत दोबारा परीक्षा देकर पास हो सकते हैं। इसके अलावा 10वीं बेस से आईटीआई कोर्सेज जैसे- इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मैकेनिक, ड्राफ्ट्समैन के जरिए तकनीकी क्षेत्र में कॅरियर बना सकते हैं। डिप्लोमा कोर्सेज कर सकते हैं। इसमें 10वीं के बाद 3 साल का इंजीनियरिंग डिप्लोमा पॉलिटेक्निक का विकल्प है। वोकेशनल कोर्सेज में फ्रंट ऑफिस ऑपरेशंस, टूरिज्म, हेल्थकेयर, ब्यूटी एंड वैलनेस में डिप्लोमा या सर्टिफिकेट। रक्षा सेवा 10वीं पास के बाद आर्मी, नेवी या एयरफोर्स में ट्रेडमैन के पद पर भर्ती।

### किसी भी परिस्थिति में हार न मानें, प्रयास करें सफल होंगे

पंडरी जिला अस्पताल के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश शुक्ला कहना है कि स्टूडेंट्स पहले से ही किसी भी नतीजे पर न पहुंचें। हर परिस्थिति का सामना करने के लिए खुद को तैयार रखें और हार न मानकर नियमित प्रयास में जुट जाएं। जीवन में सफल होने के कई विकल्प सामने हैं। अपनी हॉबी को भी अपनी सबसे बड़ी कामयाबी का जरिया बना सकते हैं। परीक्षा के परिणाम को लेकर जरा सा भी स्टूडेंट्स मन में दबाव न लें, बल्कि वह उन्हें सेलिब्रेट कर आगे बढ़ें।

## सिटी इवेंट

## बीजों से निकलने वाले तेल का भविष्य में बढ़ेगा चलन, विशेषज्ञों ने दी सलाह





**रायपुर।** गवर्नमेंट नागार्जुन पीजी कॉलेज ऑफ साइंस में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का समापन हुआ। कॉलेज के केमिस्ट्री डिपार्टमेंट एवं आईक्यूएसी द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित इस नेशनल कॉन्फ्रेंस का विषय 'एक्सप्लोरिंग इंटरडीसीप्लीनरी पाथवेज इन साइंस, इनोवेशन एंड सस्टैनएबिलिटी -2026' रखा गया। यह आयोजन पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में किया गया। कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र में मुख्य अतिथि वक्ता प्रोफेसर खागेश्वर सिंह पटेल (अनुप्रयुक्त विज्ञान विभाग, एमिटी विश्वविद्यालय) ने बताया कि पौधों के बीजों के तेलों पर शोध की तत्काल आवश्यकता है ताकि खाद्य, पशु आहार और नवीकरणीय ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। क्योंकि, अनुमानों के अनुसार 2050 तक इनका उत्पादन और भी अधिक होने की संभावना है। शोध का मुख्य क्षेत्र नए पौधों के बीजों के तेलों की पहचान करना है। पौधों के बीजों के तेलों का भविष्य में उपयोग पारंपरिक खाना पकाने से कहीं अधिक तेजी से बढ़ रहा है।

### ये रहें विषय विशेषज्ञ

डॉ. केएस पटेल प्रोफेसर केमिस्ट्री डिपार्टमेंट अमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, डॉ. नीतू भटनागर प्रोफेसर ऑफ केमिस्ट्री मनीपॉल विश्वविद्यालय जयपुर, डॉ. राजकिशोर पटेल प्रोफेसर एनआईटी राउरकेला, प्रोफेसर डब्ल्यूबी गुरुनुले डिपार्टमेंट ऑफ केमिस्ट्री आरटीएम नागपुर यूनिवर्सिटी शामिल रहे। वहीं, ऑर्गेनाइजर कमेटी में चीफ पैट्रोन डॉ. संतोष कुमार देवांगन, कमिश्नर डिपार्टमेंट ऑफ हायर एजुकेशन छत्तीसगढ़ शासन, पैट्रोन डॉ. अमिताभ बैनर्जी प्रिंसिपल साइंस कॉलेज, डॉ. सरोज शर्मा प्रोफेसर केमिस्ट्री डिपार्टमेंट साइंस कॉलेज रहीं।

### एंजाइमेटिक और सुपरकैपेसिटर तकनीक से जल का शोधन व ऊर्जा प्रबंधन

मनीपॉल विश्वविद्यालय जयपुर के केमिस्ट्री विभाग की प्रोफेसर नीतू भटनागर ने बताया कि सतत औद्योगिक प्रक्रियाओं की बढ़ती मांग ने पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकियों के विकास को गति दी है, जो पारंपरिक तकनीकों की तुलना में बेहतर समाधान प्रदान कर सकती हैं। औद्योगिक अपशिष्ट जल में आमतौर पर पाए जाने वाले फिनाइल-आधारित प्रदूषकों को कुशलतापूर्वक विघटित करने के लिए एक नवीन एंजाइमेटिक उपचार प्रक्रिया विकसित की जा रही है और इसका व्यापक परीक्षण किया जा रहा है। सुपरकैपेसिटर के लिए छिद्रयुक्त मिश्रित इलेक्ट्रोड सामग्री के संश्लेषण के लिए कम लागत वाले अग्रदूत के रूप में संगमरमर अपशिष्ट के उपयोग को विकसित किया जा रहा है। एंजाइम आधारित अपशिष्ट जल उपचार प्रणाली का विकास और लागत प्रभावी सुपरकैपेसिटर सामग्री का उपयोग स्वच्छ औद्योगिक प्रक्रियाओं और कुशल ऊर्जा प्रबंधन की दिशा में एक स्थायी मार्ग प्रदान करता है।

● खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स : बॉलीवुड सिंगर भूमि त्रिवेदी ने मंच पर दी दिलकश प्रस्तुति

# बस्तरिया संगीत और लोकगीतों पर झूमे देशभर के खिलाड़ी, मंच पर उतरी जनजातीय संस्कृति

"खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का बुधवार को साइंस कॉलेज मैदान में भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर देशभर के जनजाति समुदायों की संस्कृति की अनोखी झलक देखने को मिली। हजारों खिलाड़ियों की मौजूदगी में केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आयोजन का आगाज किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री अरुण साव समेत प्रदेश के अन्य मंत्रीगण भी उपस्थित रहे।"







रायपुर। कार्यक्रम का आरंभ राष्ट्रगान, राष्ट्रीय गीत और खिलाड़ियों के मशाल मार्च पास्ट से हुआ। खिलाड़ियों ने ट्राइबल गेम्स की मशाल केंद्रीय खेल मंत्री को सौंपी। इसके बाद मंच पर कोलकाता के 'गोल्डन गर्ल्स ग्रुप' ने मनमोहक प्रस्तुति दी। 15 कलाकारों ने अपनी 10 मिनट की प्रस्तुति में श्री गणेश वंदना की और भगवान के विभिन्न रूपों को नृत्य में पिरोकर कार्यक्रम में नई ऊर्जा भर दी। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की और आधिकारिक शुभंकर 'मोरवीर' भी आकर्षण का केंद्र रहे।

### जमकर हुई आतिशबाजी

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जैसे ही खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का शुभारंभ किया, वैसे ही आयोजन स्थल पर जमकर आतिशबाजी होने लगी। इस दौरान पटाखों की सतरंगी रोशनी से पूरा आसमान जगमगा उठा। खिलाड़ियों और उपस्थित दर्शकों ने इस शानदार आतिशबाजी के साथ ट्राइबल गेम्स की शुरुआत का भरपूर आनंद लिया।

### लोकगीतों की धुन पर जमकर झूमे खिलाड़ी

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ के स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। आरू साहू और अनुराग शर्मा ने एक के बाद एक शानदार लोकगीतों की प्रस्तुति दी, जिसने खिलाड़ियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। आरू साहू ने सुआ गीत 'तरीहरी', कर्मा गीत 'सन्ना न नन्ना' लोक गीत के साथ-साथ बारहमासी गीतों से समां बांधे रखा। वहीं, पद्मश्री विधायक अनुज शर्मा ने भी अपने सुरों का जादू बिखेरा। उन्होंने 'माते रईबे...', 'सास गारी देवे...' और 'राम सिया राम...' जैसे लोकगीतों की बेहतरीन प्रस्तुति देकर इस आयोजन को यादगार बना दिया।



### विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति ने मोहा मन

मंच पर देशभर से आए खिलाड़ियों के स्वागत में विभिन्न राज्यों के पारंपरिक नृत्य पेश किए गए, जिन्हें देखकर खिलाड़ियों का उत्साह दोगुना हो गया। पहले हिमाचल प्रदेश का पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद बंगाल, असम और छत्तीसगढ़ के बस्तर की आदिवासी संस्कृति ('मांदर बाजे, अमचो बस्तर...') से जुड़े नृत्यों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से एक ही मंच पर पूरे देश की सांस्कृतिक विविधता और जनजातीय परंपराओं का अनूठा संगम देखने को मिला।









### खिलाड़ी मशक्कत के बाद पहुंचे हैं

ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में बतौर अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि पहली बार खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का आयोजन हो रहा है। इससे मुझे बहुत खुशी है। आदिवासी समुदाय से आने वाले खिलाड़ियों के लिए यह बेहतरीन मंच होगा। मैं खुद भी एक खिलाड़ी हूं। मुझे पता है कि हम काफी मशक्कत के बाद यहां तक पहुंचते हैं। ये खिलाड़ी भी मशक्कत के बाद इस मंच तक पहुंचे हैं। इससे उन्हें काफी प्रेरणा मिलेगी।

### पहले दिन कर्नाटक का दबदबा

पहले दिन के बाद कर्नाटक सात पदकों (पांच स्वर्ण सहित) के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है। ओडिशा चार पदकों (एक स्वर्ण) के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि मेजबान छत्तीसगढ़ दो पदकों के साथ चौथे स्थान पर है। मणिकांत ने पुरुष 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में 1:07.41 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण जीता। महाराष्ट्र के पलाश ठाकुर (1:11.69 सेकंड) दूसरे स्थान पर रहे, जबकि छत्तीसगढ़ के निखिल झालको (1:11.77 सेकंड) ने कांस्य पदक जीतकर मेजबान राज्य का खाता खोला। महाराष्ट्र के भक्तिश कुमरे (2:14.73 सेकंड) ने कांस्य पदक जीता।धनीश ने कहा, 'यह मेरा पहला खेलो इंडिया गेम्स है और इन खेलों का पहला स्वर्ण जीतना मेरे लिए बेहद खास है।' महिला 200 मीटर फ्रीस्टाइल में ओडिशा ने स्वर्ण और कांस्य जीता। अंजलि मुंडा ने 2:39.02 सेकंड का समय निकालकर कर्नाटक की निधि एस (2:39.09 सेकंड) को पछाड़ा।

कॉर्नर न्यूज

मशहूर वक्ता आचार्य प्रशांत और विजेंद्र सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को सिखाए सफलता के गुर

# कामयाबी का मूल मंत्र : केवल मंजिल पाना नहीं बल्कि खुद को निखारने की यात्रा है सफलता

रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित मेगा टेक्निकल फेस्ट अनंत्य 2026 का तीसरा और अंतिम दिन ज्ञानवर्धक वक्ता सत्रों और पैनल चर्चाओं के नाम रहा। दिन का प्रमुख आकर्षण विजेंद्र चौहान और आचार्य प्रशांत के ज्ञानवर्धक सत्र रहे, जिन्होंने सभी विद्यार्थियों को जीवन के प्रति प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर एवं विजेंद्र चौहान ने विद्यार्थियों को सफलता, असफलता और आत्म-जागरूकता पर एक विचारोत्तेजक दृष्टिकोण प्रदान किया। उन्होंने छात्रों को वर्तमान परिस्थितियों में संतुष्ट रहते हुए निरंतर सुधार करने और उपलब्ध अवसरों का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। अपने आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के साथ अनुभवों का उदाहरण देते हुए उन्होंने व्यावहारिक सीख पर विशेष जोर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि असफलता की कहानियां सफलता की कहानियों की तुलना में अधिक गहरी और वास्तविक सीख प्रदान करती हैं, क्योंकि सफलता की कहानियां अक्सर सीमित और पूर्व-निर्धारित दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत की जाती हैं। समापन समारोह में डॉ एन.वी रमना राव, निदेशक, एन आई टी रायपुर, विजय छबलानी, सी एमडी, बीएसएनएल, छत्तीसगढ़, डॉ. अपर्णा चंद्रा, डिप्टी जनरल मैनेजर, बीएसपी, डॉ. समीर बाजपेई, हेड सीडीसी की उपस्थिति रही।


### सपने देखने की क्षमता प्रभावित हो रही है



विजेंद्र चौहान ने सोशल मीडिया और एल्गोरिदम के बढ़ते प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के समय में छात्रों के सपने समाज द्वारा निर्मित धारणाओं से अधिक प्रभावित हो रहे हैं, जिससे स्वतंत्र रूप से सोचने और सपने देखने की क्षमता प्रभावित हो रही है। छात्रों को अपने सपनों पर पुनः अधिकार स्थापित करने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि सफलता की पहली सीढ़ी स्वयं को जानना, प्रक्रिया को समझना और यात्रा को अपनाना है। यह यात्रा भले ही अनुशासन और दिनचर्या से भरी हो, लेकिन इसका मूल्य भौतिक उपलब्धियों से कहीं अधिक होता है। अंततः, उन्होंने विद्यार्थियों को 'रेस' की मानसिकता से बाहर निकलकर सच्चे, आत्म-प्रेरित विकास की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

### सच्ची आज़ादी बाहरी नहीं बल्कि आंतरिक होती है

कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं में आचार्य प्रशांत ने छात्रों के जटिल सवालों का गहराई से उत्तर देते हुए बताया कि पैशन फॉलो करो जैसी बातों को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिसे हम अपना पैशन मानते हैं, पहले यह जांचना चाहिए कि वह वास्तव में हमारा अपना है या समाज द्वारा थोपा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जीवनयापन और पैशन के बीच संघर्ष तभी होता है, जब हमारा लक्ष्य अत्यधिक भौतिकवादी होता है। यदि व्यक्ति सच्चे मन से किसी कार्य में लग जाए तो बाकी चीजें धीरे-धीरे अपने आप व्यवस्थित होने लगती हैं। दूसरे प्रश्न के उत्तर में (जिसमें ईश्वर, मानव जीवन के मूल्य और ऐतिहासिक घटनाओं जैसे होलोकॉस्ट का संदर्भ था) उन्होंने कहा कि जीवन का वास्तविक मूल्य बाहरी परिस्थितियों या सरकार द्वारा तय नहीं किया जा सकता, बल्कि यह व्यक्ति के अपने हाथ में होता है। शहीदों का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि सच्ची आज़ादी बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक होती है।



## इवेंट लाइव

# सुवा, राउत नृत्य और स्वचलित झांकियों से सजेगी शोभायात्रा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शिवसेना द्वारा 42 वर्षों से लगातार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है। इस परंपरा का निर्वहन रामनवमी के दूसरे दिन यानी 28 मार्च को किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रमुख धनंजय सिंह परिहार की अगुवाई में इस साल भी शोभायात्रा का शुभारंभ विट्ठल मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद शाम को 6 बजे किया जाएगा। इस संदर्भ में बुधवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े, प्रदेश समन्वयक कृष्णा यादव ने बताया कि इसमें शहर के 70 वार्डों सहित सभी विधानसभा क्षेत्र की झांकियों के साथ हजारों की तादाद में शिव सैनिक शामिल होंगे। इसमें भगवान हनुमान की झांकी आकर्षण का केन्द्र होगी।

### अखाड़ा दल के बीच लल्लू महाराज की भजन मंडली

उन्होंने बताया कि इस साल शोभायात्रा का रूट विट्ठल मंदिर फूल चौक, नवीन बाजार से तात्यापारा, बढ़ईपारा, रामसागर पारा, राठौर चौक, गुरुनानक चौक, एमजी रोड, शारदा चौक से वापस फूल चौक स्थित मंदिर पहुंचने पर विशाल धर्म सभा का भी आयोजन किया जाएगा। इससे पहले स्वचलित झांकियों के बीच राउत नाचा दल, पंथी नृत्य, सुआ नृत्य के साथ ही अखाड़ा दल की प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। इनके साथ ही अलग-अलग क्षेत्र से आने वाली युवाओं की भजन मंडलियों द्वारा भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस बार शहर के चर्चित भजन गायक लल्लू महाराज एवं उनका ग्रुप शोभायात्रा के बीच आकर्षण का केन्द्र होगा।

## कैंपस लाइव

# जेएनयू में पढ़ी गई डॉ. परदेशीराम वर्मा की कहानियां, आयोजित हुई कार्यशाला



**रायपुर।** प्रतिष्ठित जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली में 15 से 17 मार्च 2026 को हिन्दी विभाग के प्रोफेसर डॉ. मलखान सिंह के आमंत्रण पर भिलाई के साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा ने विभिन्न सत्रों में आयोजित वैचारिक गोष्ठी एवं कथा पाठ में भाग लिया। जेएनयू के अनुवाद प्रवीण शोधार्थियों के बीच डॉ. परदेशीराम वर्मा ने अपनी चुनिंदा चार कहानियों पर विद्यार्थियों के प्रश्नों का जवाब दिया। एम.ए. हिन्दी के विद्यार्थियों तथा शोधार्थी विद्यार्थियों ने लेखक की कहानियों पर भी विचार दिया। इन कहानियों के अतिरिक्त डॉ. परदेशीराम वर्मा के कथा संग्रह दिन-प्रतिदिन, बुधिया की तीन रातें, फैसला, मेरी प्रिय कहानियों तथा माटीपुत्र से चयनित कथाओं पर भी चर्चा हुई।

### लेखकों ने कहानियों पर दिया विचार

पीयूष प्रखर, प्रशांत कुमार सिंह, कंचन राय शोध छात्रों सहित डॉ. पूजा, आकिल खां, गोविन्द भारती (उर्दु), अनुराग कुमार, (रूसी भाषा), भरत कुमार, (पश्तो) भाषा, विश्वजीत कलता, (कोशली भाषा), मिलिन्द साहू, शिवांगी पटेल, प्रीति, कृष्णा केशरवानी, देवंतिका साहू, दिव्यांश तिवारी, जयशंकर, त्रावणी वर्मा ने सत्रों में कहानियों पर विचार दिया। लेखक से प्रश्न का सत्र दूसरे दिन भी हुआ। विश्वजीत कोलता, नेशनल कॉलेज नुआपाड़ा में हिन्दी के व्याख्यता हैं तथा डॉ. पूजा जेएनयू में प्रोफेसर हैं। डॉ. मलखान सिंह के निर्देशन में पीयूश प्रखर, प्रशांत सिंह तथा कंचन राय शोध कार्य कर रहे हैं।

## सिटी लाइव

# विश्व मौखिक स्वास्थ्य के प्रति सजग करने लगा रहे हैं शिविर



**रायपुर।** शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय द्वारा विश्व मौखिक स्वास्थ्य माह का आयोजन किया जा रहा है। इसका संचालन 20 मार्च से 20 अप्रैल तक किया जाना है। इसके अंतर्गत 23 मार्च को आंगनवाड़ी केंद्र बिरगांव और रायपुर में शिविर का आयोजन किया गया। वहीं, 25 मार्च को राजेन्द्र नगर स्थित मदर टेरेसा वृद्धाश्रम में मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं उपचार शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस वर्ष मौखिक स्वास्थ जागरूकता माह का विषय 'ए हैप्पी माउथ इज ए हैप्पी लाइफ' है, जो अच्छे मौखिक स्वास्थ्य पर जोर देता है। यह न केवल सुंदर मुस्कान प्रदान करता है, बल्कि शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है।

### आगामी दिनों में भी किया जाएगा शिविर का संचालन

इस कार्यक्रम की सफलता डॉ. वीरेन्द्र बाधेर (प्राचार्य) के मार्गदर्शन और डॉ. मिलिंद वासनिक (विभागाध्यक्ष. सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा), डॉ. रामकृष्ण चेष्वुरी, डॉ. सोपान सिंह, डॉ. अभिनव पारख, डॉ. मनीष राठौर, स्नातकोत्तर छात्र डॉ. आरुही सिन्हा, डॉ. पूनम नारंग, डॉ. नेहा रानी, डॉ. रिया गर्ग, डॉ. रश्मि राठौर पहल कर रही हैं। डॉ. जी. नव्या, डॉ. गार्गी दीक्षित, डॉ. जागृति पाणिग्रही एवं डॉ. सोनिया धनखड़ सहित छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ के सहयोग से आगामी दिनों में भी शिविर का संचालन किया जाएगा।

● मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा- अर्चना कर भक्तों ने लिया आशीष, अष्टमी को लेकर देवी मंदिरों में तैयारी

# सप्तमी पर कालरात्रि स्वरूप की भक्तों ने की महाआरती आदिशक्ति के धाम में हवन आज, रहेगी मंत्रोच्चार की गूंज

चैत्र नवरात्रि की सप्तमी पर शहर के देवी मंदिरों में मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि को समर्पित रहा। बुधवार को सभी देवी मंदिरों में महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने मां कालरात्रि की आराधना कर निडरता, नकारात्मकता को दूर करने और शत्रुओं पर विजय पाने के लिए विशेष पूजा की। भक्तों ने मनोकामना पूरा करने माता को गुड़ से बनी फलाहार का भोग चढ़ाया और गुड़हल व गुलाब के पुष्प अर्पित किए।



रायपुर। सप्तमी पर प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह से देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा। इन प्रमुख देवी मंदिर में पुरानी बस्ती स्थित प्राचीन महामाया मंदिर, आकाशवाणी चौक कालीमाता मंदिर, सक्तिबाजार अम्बा देवी मंदिर, रावाभाठा का बंजारी माता मंदिर, हीरापुर-अटारी का दुर्गा मंदिर और सेंट्रल जेल का चामुंडा देवी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। आज इन सभी मंदिरों में अष्टमी पर विधि विधान से हवन-पूजन का आयोजन सुबह से ही शुरू हो जाएंगे। इसके लिए भक्तों व मंदिर प्रबंधन में तैयारी व भक्ति भाव का माहौल बना हुआ है।

### मंदिरों में आज का आयोजन

भनपुरी स्थित बंजारी धाम मंदिर में अष्टमी पर आज सुबह 8 बजे से हवन-पूजन का आयोजन किया जाएगा। वहीं 10 बजे महाआरती और 11 बजे कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। वहीं दोपहर 12 बजे जवारा विसर्जन का कार्यक्रम होगा। इसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र से भक्तगण जोत-जवारा विसर्जन देखने पहुंचेंगे। इसके लिए मंदिर प्रबंधन ने पूरी तैयारी किया है। वहीं माता के श्रद्धालुओं के लिए भोग-भंडारे का आयोजन किया गया है। यह जानकारी बंजारी धाम मंदिर के प्रमुख पुजारी जोशी महाराज ने दिया।

### महामाया मंदिर

पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर के पुजारी मनोज शुक्ला ने बताया कि आज सुबह 9 बजे से आरती का आयोजन किया जाएगा वहीं सुबह 10 बजे हवन पूजन का कार्यक्रम रखा गया है और 12 बजे पूर्ण आहुति की जाएगी।

### अम्बा देवी मंदिर सत्ती बाजार

अम्बा देवी मंदिर सत्ती बाजार में आज सुबह 10.30 बजे हवन-पूजन आयोजित होगा। वहीं 12.30 बजे हवन पूर्ण आहूती किया जाएगा। और फिर कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी अम्बा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सप्तमी पर शाम 7.30 बजे मां अम्बा देवी की महाआरती का आयोजन किया गया। मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा लगभग 500 से अधिक थाल में 2500 से अधिक दीए सजाकर महाआरती किया गया। वहीं भक्तों ने भी महाआरती की थाल सजाकर मां की महाआरती में शामिल बड़ी संख्या में शामिल हुए। चैत्र नवरात्र को लेकर भक्तों का तांता लग रहा है।



### यूनिवर्सिटी बंजारी माता मंदिर

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर स्थित मां बंजारी माता मंदिर में अष्टमी पर विशेष हवन-पूजन का आयोजन किया गया है। अष्टमी को सुबह 8 बजे से ही भक्त पूजा और हवन में शामिल होंगे। मंदिर प्रबंधन ने बताया कि बंजारी माता को शक्ति की देवी माना जाता है। यह मंदिर 100 साल से अधिक पुराना है,जहां भक्तगण बड़ी संख्या में सुबह से ही पूजा और दर्शन के लिए पहुंचेगे।

### आकाशवाणी चौक काली माता मंदिर

आकाशवाणी चौक काली माता मंदिर में सप्तमी पर विशेष पूजन का आयोजन किया गया।अष्टमी पर भी महाआरती और भोग भंडारा का अयोजन किया गया है। आज अष्टमी पर सुबह 8 बजे से ही हवन-पूजन के लिए श्रद्धालु मंदिर प्रांगण में जुटेंगे।

### माहेश्वरी महिला समिति द्वारा कन्या पूजन एवं प्रसाद वितरण



बुधवार को सुबह 10.30 बजे से 11 बजे के मध्य माहेश्वरी महिला समिति, गोपाल मंदिर के तत्वावधान में बीटीआई ग्राउंड स्थित शासकीय विद्यालय में नवरात्रि के पावन अष्टमी पर्व के अवसर पर कन्या पूजन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राइमरी एवं माध्यमिक वर्ग की कन्याओं को चिप्स, समोसा, जलेबी,फ्रूटी, चाकलेट आदि वितरित कर भारतीय संस्कृति के अनुरूप कन्या सम्मान का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रगति कोठारी एवं सचिव कल्पना राठी के मार्गदर्शन में प्रतिभा नत्थानी, नंदा भट्टर, शशि एन. मोहता, संगीता चांडक, शशि सारडा, नीलीमा लड्ढा, नीना राठी, कविता दम्मानी, शशि आर. मोहता आदि के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### समता महिला मंडल द्वारा मां गायत्री की विशेष आरधना



गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी मे नवरात्री के पावन अवसर पर गायत्री परिजनों के साथ शक्तिपीठ आने वाले भक्त लगातार माता की साधना और आराधना में जुटे हुए हैं। गायत्री परिवार ट्रस्ट के द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर शक्तिपीठ आने वाले भक्तों और ज्योति कलश प्रज्वलित करने वाले भक्तों से आग्रह किया जाता है कि वह नवरात्रि में शक्तिपीठ जाकर माता की साधना जरूर करें। शक्तिपीठ में दोपहर 3 बजे से 5 के बीच प्रतिदिन समता महिला मंडल के माताओ और बहनों के द्वारा मां गायत्री की विशेष साधना की जा रही है, जिसमें भारी संख्या में गायत्री परिजनो के साथ भक्तों की उपस्थिति रही। माता की भक्ति में सभी भक्त झूमते नजर आए।

# लैंगिक असमानता, स्त्री मुक्ति और समानता पर विशेषज्ञों ने दिया जोर

**रायपुर।** शासकीय डिग्री गर्ल्स कॉलेज में सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम किया गया। प्राचार्य डॉ. जया तिवारी के संरक्षण में आयोजित कार्यशाला में शैक्षणिक, ऐतिहासिक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक, साहित्यिक विश्लेषण किए गए। कार्यशाला में सैद्धांतिक जेंडर स्टडीज और व्यावहारिक अनुप्रयोग पर बात की गई। सप्ताहभर चले इस विचार-विमर्श में गहरी पैठ बना चुके पूर्वाग्रहों की पहचान को लेकर आवश्यक परिवर्तनों को लागू करने को लेकर मंथन किया गया। विद्वान वक्ताओं में डॉ. जेसी अजवानी, प्रो. नीलिमा चौहान, राकेश चतुर्वेदी ने लैंगिक असमानता, स्त्री मुक्ति, समानता के अवसर जैसे मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए। सामाजिक पूर्वाग्रहों पर विचार और समभाव को अपने स्तर पर लागू करने की प्रेरणा दी गई। इस कड़ी में तृतीय लिंग समुदायों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विद्या राजपूत ने मर्मस्पर्शी अनुभवजनित विचार रखे। डॉ. जया जादवानी ने साहित्यिक विश्लेषण के माध्यम से पारंपरिक जेंडर बॉक्स को चुनौती दी।



### सामाजिक मानको को चुनौती देने की एक प्रक्रिया



लैंगिक संवेदीकर, रूढ़ियों को त्यागना, लैंगिक समानता को बढ़ावा देना जैसे विषयों पर अंतिम दिन की शुरुआत दिल्ली विश्वविद्यालय जाकिर हुसैन कॉलेज से आईं प्रो. नीलिमा चौहान के विचारोत्तेजक सत्र से हुई। उनका व्याख्यान सामाजिक, व्यावसायिक अंतःक्रियाओं में अनलर्निंग के व्यावहारिक अनुप्रयोग पर केंद्रित था। प्रो. चौहान ने इस बात पर जोर दिया कि लैंगिक समानता केवल एक नीतिगत लक्ष्य नहीं है, बल्कि व्यक्तिगत और सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने की एक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि सच्ची समानता तब शुरू होती है जब हम जेंडर को भूमिकाओं के दायरे में देखना बंद कर देते हैं।

### जेंडर को भूमिकाओं के रूप में देखना बंद किया

प्राचार्य ने मानवीय क्षमता की एक विस्तृत समझ स्पेक्ट्रम पर जोर दिया। आगे कहा कि लैंगिक समानता कोई विदेशी अवधारणा नहीं है। पूर्व प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल ने जेन-जी' दृष्टिकोण पर विचार रखे। सात दिवसीय कार्यशाला में निष्कर्ष के रूप में निकलकर आया कि जब हम जेंडर को कठोर भूमिकाओं के रूप में देखना बंद कर देते हैं और इसे मानवीय क्षमता के विस्तार के रूप में देखना शुरू करेंगे, तभी भेदभाव कम हो सकता है। संयोजक डॉ. रश्मि दुबे एवं सचिव डॉ. गौतमी भतपहरी, सदस्य डॉ. प्रमिला नागवंशी, डॉ. मुक्ता मल्होत्रा, डॉ. प्रतिभा साहू एवं एडवाइजरी समिति से डॉ. केके हैरिस, डॉ. रितु मारवाह, डॉ. स्वप्निल कर्महे, मीडिया प्रभारी डॉ. कल्पना मिश्रा और डॉ. आरती उपाध्याय ने कार्यशाला के संचालन में अहम भूमिका निभाई।

# अग्र परिचय सम्मेलन के साथ होगा पत्रिका का भी विमोचन

**रायपुर।** अग्रवाल सभा की पहल पर अग्रवाल समाज के परिचय सम्मेलन का आयोजन 4-5 अप्रैल को अग्रसेन धाम छेड़ीखेड़ी में किया जाएगा। समाज की वर्तमान स्थिति और भविष्य को लेकर समाज के बीच विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा होगी। अग्रजन सामाजिक सेवाभावी कार्यों के लिए भी जाने जाते हैं। अग्र धरोहर पत्रिका में इनका प्रकाशन भी किया जाएगा। साथ ही पत्रिका का विमोचन भी इस अवसर पर किया जाएगा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, महामंत्री मनमोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष



प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि परिचय होगा तो संबंध होगा, यह सिर्फ मुलाकात नहीं, दो परिवारों के जुड़ने की शुरुआत है। यहां संस्कारी, शिक्षित और योग्य युवाओं के बीच परिचय होगा। इससे आगे रिश्ते भी तय होंगे और सुंदर भविष्य की तलाश भी पूरी होगी।

### परिचय सम्मेसन के लिए प्री रजिस्ट्रेशन, क्यूआर कोड जारी

उन्होंने बताया कि परिचय सम्मेसन में शामिल होने के लिए प्री रजिस्ट्रेशन के लिए क्यूआर कोड भी जारी किया गया है। यह व्यवस्था समाज के लोगों की सुविधा देने के लिए की गई है। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष ममता अग्रवाल के साथ ही युवा मंडल अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, युवती मंडल अध्यक्ष कंचन अग्रवाल, संगठन मंत्री योगेश अग्रवाल, प्रभारी विसम्बर अग्रवाल, डॉ. नीरज अग्रवाल पूरी टीम के साथ आयोजन की तैयारी को सफल बनाने में जुटे हैं। इस दो दिवसीय आयोजन में अलग-अलग मंडल और विंग को दायित्व दिया गया है, ताकि आने वाले समाज के लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

आराध्यदेव श्रीराम के जन्मोत्सव की कल रहेगी धूम, विश्व हिन्दू परिषद की अगुवाई में जगह-जगह होंगे आयोजन

# रामनवमी पर होगी आतिशबाजी, आकर्षक झांकियों के साथ निकलेगी शोभायात्रा, सजाएंगे आर्ट गैलरी

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शहर के मठों और मंदिरों में 27 मार्च को धूमधाम से आराध्य देव श्रीराम के जन्मोत्सव पर जहां पूजा-अर्चना और श्रृंगार किया जाएगा, वहीं विश्व हिन्दू परिषद की अगुवाई में शहर के अलग-अलग क्षेत्र से भक्तिभाव से भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। इसके लिए व्यवस्थागत तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। विश्व हिन्दू परिषद के विभाग मंत्री हरदीप सिंह सैनी ने बताया कि बिरगांव, गुढ़ियारी, शंकर नगर, पुरानी बस्ती, राजातालाब सहित 10 से ज्यादा क्षेत्रों में जहां भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं, वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में सुबह विधि-विधान से आराध्य देव की पूजा-अर्चना के साथ ही विशेष परिधान अर्पित करते हुए श्रृंगार भी किया जाएगा। शाम को जहां आतिशबाजी की धूम रहेगी, वहीं आकर्षक लाइटों से श्रीराम का दरबार सजेगा।





### भगवान की मूर्तियों के साथ हनुमान होंगे आकर्षण का केंद्र

*राम जन्मोत्सव पर होने वाले आयोजनों को लेकर हरदीप सिंह ने आगे बताया कि इस साल भी विभिन्न क्षेत्र से निकलने वाली शोभायात्रा के बीच अखाड़ा दल का प्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र होगा। इसमें भक्तिमय गीत-संगीत के साथ राम भक्त जयघोष करते हुए आयोजन का हिस्सा बनेंगे। इस बार स्वचलित झांकियों में श्रीराम की मूर्तियों के साथ भक्त हनुमान भी आकर्षण का केन्द्र होंगे। शोभायात्रा से पूर्व धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा। अलग-अलग क्षेत्र से निकलने वाली शोभायात्रा का सफल संचालन करने के लिए दायित्व तय किए गए हैं।*

### कला वीथिका में सजेगी भगवान की कला प्रदर्शनी

रामनवमी के उपलक्ष्य में गुरुवार की शाम 6:00 बजे से भगवान राम के जीवन चरित्र को रेखांकित करती बाल एवं युवा कलाकारों द्वारा तैयार की गई रचनाओं की प्रदर्शनी का शुभारंभ श्रीमती चंद्रशेखर व्यास, सुमनेष वत्स द्वारा महाकोशल आर्ट गैलरी में किया जाएगा। इस कला प्रदर्शनी में राम-रावण युद्ध, राम सीता लक्ष्मण वन गमन, राम एवं हनुमान संवाद, राम एवं सीता संवाद, सीताहरण, गरुड़ वध, मेघनाथ और लक्ष्मण युद्ध, हनुमान द्वारा लंका दहन जैसे विषयों को कलाकारों ने कैनवास पर पिरोया है। इस प्रदर्शनी में एक ओर जहां कोलाज रचनाएं होंगी, वहीं दूसरी ओर कम्प्यूटर ग्राफिक्स एवं फोटोग्राफी आधारित रचनाएं भी प्रदर्शित की जाएंगी।



## हेल्थ टिप्स

## लैपटॉप पर काम करना हो रहा मुश्किल, छुटकारे के लिए अपनाएं योग



लैपटॉप या कंप्यूटर पर लंबे वक्त तक काम करते रहने से कई बार आंखों में भारीपन, दर्द, जलन और सिर में दर्द महसूस होता है। एक्सपर्ट की बताई ये 2 एक्सरसाइज इन सभी चीजों को कम करने में मदद कर सकती हैं। दिनभर लैपटॉप या कम्प्यूटर पर काम करने के बाद, अक्सर शाम के वक्त हमें सिरदर्द, आंखों में जलन, भारीपन या दर्द महसूस होता है। ऐसे में आंखों की सही देखभाल करना बहुत जरूरी हो जाता है।

दरअसल, आंखों पर पड़ने वाले दबाव की वजह से ऐसा होता है। अगर आप वर्किंग हैं, तो जाहिर सी बात है आपके 8-9 घंटे कम्प्यूटर स्क्रीन के आगे ही गुजरते होंगे। इस वजह से आंखों पर काफी स्ट्रेन पड़ता है। एक्सपर्ट का कहना है कि लैपटॉप पर काम करते वक्त, बीच-बीच में कुछ देर किसी और चीज की तरफ देखें। अगर आपकी वर्क डेस्क के पास कोई विंडो है, तो उसके बाहर देखें। लगातार आंखों को लैपटॉप पर न टिकाएं। इससे नुकसान हो सकता है। इसके अलावा, आंखों की कुछ एक्सरसाइज भी आपको जरूर करनी चाहिए। इस बारे में योगा एक्सपर्ट दिलराजप्रीत कौर जानकारी दे रही हैं।

### एक्सरसाइज 1

सबसे पहले अपनी तर्जनी और मध्यमा



उंगली को आंखों के दोनों तरफ रखें। आपको दोनों आंखों की उंगलियों को दोनों आंखों पर इसी तरह रखना है। इसके बाद, आंखों को खोलें और बंद करें। ऐसा आपको 10-15 बार करना है। इससे आंखों की थकान दूर होगी और आराम मिलेगा।


### एक्सरसाइज 2

आंखों को सीधा रखें। अब आंखों को ऊपर की ओर करें और सीलिंग को देखें। इसके बाद आंखों को नीचे की तरफ करें और सामने देखें। ऐसा आपको 10-20 बार करना है। इससे आंखों की थकान और सिरदर्द दूर होगा। इसके साथ ही, अपने माथे पर दोनों आंखों के बीच में एक उंगली रखें। इसे क्लॉकवाइज और एंटी-क्लॉकवाइज डायरेक्शन में घुमाएं। ऐसा कम से कम 10 बार करें। इससे सिरदर्द और प्रेशर कम होगा।

### इन टिप्स को भी करें फॉलो

स्क्रीन की ब्राइटनेस और टेक्स्ट साइज को ऐसा रखें जिससे आपकी आंखों पर ज्यादा जोर न पडे। हर घंटे 5-10 मिनट खुद को ब्रेक दें। आंखों को बंद करें और बॉडी को स्ट्रेच करें। अगर आप बहुत अधिक वक्त तक स्क्रीन पर काम कर रहे हैं, तो ब्लू लाइट फिल्टर्स या ग्लासेज का इस्तेमाल करें।

सिरदर्द, आंखों की जलन, स्ट्रेन और दर्द से छुटकारा पाने के लिए, आप एक्सपर्ट की बताई इन 2 एक्सरसाइज को रूटीन में शामिल कर सकती हैं। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है, तो हमें आर्टिकल के ऊपर दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने आर्टिकल्स के जरिए आपकी समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे।



लाइफ स्टाइल ने बिगाड़ा हमारे शरीर का ढंग


# आबादी का बड़ा हिस्सा कमर या पीठ में दर्द से परेशान लगातार बढ़ती जा रही इस दिक्कत से राहत पाना जरूरी

लाइफस्टाइल की गड़बड़ी ने हमारे शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। कई रिपोर्ट्र्स में स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को सावधान करते रहे हैं कि जिस तरह से हमारी शारीरिक निष्क्रियता बढ़ती जा रही है ये भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त बोझ बढ़ाने वाली हो सकती है। इसका कम उम्र से ही ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

ऑफिस हो या बिजनेस, बड़ी संख्या में लोग ऐसे है जिनके दिन का 8-10 घंटे बैठे-बैठे बीत जाता है। इसका दुष्प्रभाव ये है कि युवाओं में पीठ-कमर दर्द की दिक्कत तेजी से बढ़ती जा रही है। इस तरह के दर्द पर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो ये गंभीर रूप भी ले सकता है, जिसके चलते जीवन के सामान्य कामकाज में भी बाधा उत्पन्न हो सकती है। कहीं आप भी तो कमर या पीठ में दर्द से परेशान नहीं हैं?

### 48 फीसदी भारतीय कमर दर्द से परेशान

एक हालिया मीडिया रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में करीब 48 फीसदी लोग कमर या पीठ में दर्द से परेशान रहे हैं। यूके-यूएस में ये दर और भी ज्यादा है। हालांकि अगर समय रहते ही, शुरुआती स्थिति में इस तरह के दर्द पर ध्यान देकर इसका इलाज



करा लिया जाए तो इसके गंभीर रूप लेने का खतरा कम हो सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि लंबे समय तक बैठे रहने से रीढ़ की हड्डी की डिस्क पर दबाव बढ़ने लगता है। मांसपेशियों में खिंचाव और बैठने का पोजिशन खराब होने के कारण भी पीठ दर्द हो सकता है। आगे चलकर इससे डिस्क डीजनरेशन और साइटिका जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

### गड़बड़ पॉश्चर की दिक्कत



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बैठने या लंबे समय तक खड़े रहते समय अगर आपकी मुद्रा यानी पॉश्चर ठीक नहीं है तो ये पीठ के निचले हिस्से में दर्द का कारण बन सकती है। बहुत ज्यादा आगे या बहुत ज्यादा पीछे की ओर झुकने की स्थितियां भी समस्या पैदा कर सकती हैं। भले ही आपकी पीठ का दर्द खराब मुद्रा के कारण न हो, लेकिन इससे यह और भी बदतर हो सकता है।

### पीठ-कमर में दर्द की इन वजहों पर भी दीजिए ध्यान


कमर-पीठ दर्द के लिए कई अन्य कारणों को भी जिम्मेदार पाया गया है, जिसका सभी लोगों को ध्यान देना चाहिए। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते है, जिन लोगों की शारीरिक गतिविधि कम होती है वह इसका शिकार हो सकते हैं, एक्सरसाइज न करने से मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। अत्यधिक वजन या मोटापा रीढ़ की हड्डी पर दबाव डालता है।गलत पोजीशन में स्क्रीन देखने से गर्दन और पीठ पर असर पड़ता है। भारी वजन उठाते हैं तो भी सावधानी बरतें। गलत तरीके से वजन उठाने से कमर पर दबाव बढ़ जाता है।

### कमर-पीठ दर्द से कैसे बचा जाए?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देकर भी आप इस समस्या के जोखिम को कम कर सकते



हैं। बैठते, खड़े होते और सोते समय सही पॉश्चर बनाए रखें। योग, स्ट्रेचिंग और हल्के वर्कआउट से मांसपेशियां मजबूत होती हैं। वजन नियंत्रण में रखें। इसके लिए संतुलित आहार और नियमित व्यायाम करें।लंबे समय तक बैठने से बचें। हर 30-40 मिनट में खड़े होकर हल्की स्ट्रेचिंग करें। कैल्शियम, विटामिन डी और प्रोटीन युक्त भोजन करें।



## आप भी शिकार हो रहे 'फूड कोमा' के तो करें ये उपाय

क्या खाना खाने के बाद आपको भी बहुत तेज नींद आती है। इसे हम फूड कोमा के नाम से जानते हैं। आप इन टिप्स की मदद से नींद आने की समस्या को दूर कर सकते हैं। अक्सर खाना खाने के बाद तेज नींद आने लगती है। खासकर दोपहर का खाना खाने के बाद ऐसा लगता है कि बस थोड़ा सा लेट जाएं और नींद अपनी आगोश में ले ले, ऐसा होता है, तो आप अकेले नहीं हैं। कई लोगों को खाना खाने के बाद तेज झपकी आती है, जिसे फूड कोमा कहा जाता है।

### फूड कोमा से बचन के लिए क्या करें?

खाने से पहले ऐप्पल साइडर विनेगर पिएं। सिरका ब्लड शुगर लेवल को बैलेंस करता है। यह इंसुलिन स्पाइक्स को कम करता है, जिससे नींद नहीं आती है। खाने से 15 -20 मिनट पहले 1 चम्मच सिरके को 150 एमएल पानी में मिलाकर पिएं। खाने के साथ सलाद जरूर खाएं। इसमें मौजूद फाइबर पाचन प्रक्रिया को धीमा करता है और इंसुलिन स्पाइक को कंट्रोल करता है। हर पत्तेदार सब्जियों और कच्ची सब्जियों से ब्लड शुगर स्थिर बनी रहती है।

खाने में देसी घी शामिल करें, इसमें हेल्दी फैट्स होते हैं, जो इंसुलिन स्पाइख को बैलेंस करने में मदद करते हैं। यह पाचन को बेहतर करता है और खाने को सही तरीके से तोड़ने में मदद करता है। आप रोटी या दाल में मिलाकर घी खा सकते हैं। खाना खाने के बाद कम से कम 15 मिनट जरूर टहलें। यह पाचन को सुधारता है और एनर्जी बनाए रखता है। इससे ब्लड शुगर का स्तर स्थिर रहता है।

हेल्थ एक्सपर्ट रामिता कौर बताती हैं कि खाने के बाद हमारी बॉडी में इंसुलिन का स्तर बढ़ जाता है। इसके चलते दिमाग में में सेरोटोनिन और मेलाटोनिन नाम का हार्मोन रिलीज होने लगता है, जिसके कारण हमें नींद का एहसास होता है। लेकिन इससे बचने के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खों को फॉलो कर सकते हैं।

## चैत्र नवरात्रि में करने जा रहे हैं नए घर में प्रवेश तो जरूर जानें ये जरूरी बातें

अगर आप चैत्र नवरात्रि के दौरान नए घर में प्रवेश कर रहे हैं, तो आपको कुछ बातों का ध्यान रखने की जरूरत होती है, जिससे किसी तरह की नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश नए घर में न हो सके।

### मुख्य द्वार पर अशोक या आम के पत्तों का तोरण लगाएं

यदि आप नए घर में प्रवेश के समय घर के मुख्य द्वार को पवित्र और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर बनाए रखने के लिए अशोक या आम के पत्तों का तोरण लगाएं, तो यह आपके लिए बहुत शुभ हो सकता है। यह उपाय घर को नकारात्मक शक्तियों से बचाने में सहायक होता है। मान्यता के अनुसार, अशोक के पत्ते सुख-शांति के प्रतीक माने जाते हैं और बुरी नजर से बचाते हैं। वहीं, आम के पत्तों का तोरण लगाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसे मुख्य द्वार के ऊपर स्थापित करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

### गृह प्रवेश के समय जरूर करें कलश स्थापना

नए घर में गृह प्रवेश करने के दौरान कलश की स्थापना को विशेष रूप से शुभ माना जाता है। यह समृद्धि, सकारात्मक ऊर्जा और देवी लक्ष्मी की कृपा को आमंत्रित करता है। नए घर में प्रवेश करते समय आप सबसे पहले एक तांबे या मिट्टी का कलश लें और उसमें स्वच्छ जल भरें। कलश में आम के आठ पत्ते लगाएं और उसके ऊपर एक नारियल रखें। कलश पर सिंदूर या रोली



से स्वस्तिक का चिह्न बनाएं, जिसे शुभता और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। इसे मुख्य द्वार के पास या पूजा स्थान पर रखें और मंत्रोच्चारण के साथ इसकी पूजा करें। गृह प्रवेश से पहले, यह कलश देवी-देवताओं का आह्वान करने और घर में सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने का कार्य करता है।

### शादीशुदा लोग जोड़े में ही गृह प्रवेश करें

यदि गृह प्रवेश करने वाले व्यक्ति पति-पत्नी हैं, तो उन्हें साथ में ही नए घर में प्रवेश करना चाहिए। यह शुभ संकेत माना जाता है और गृहस्थ जीवन में प्रेम, समर्पण और सौहार्द को बढ़ाने में सहायक होता है। गृह प्रवेश के समय महिलाओं को अपना बायां पैर पहले रखना चाहिए, क्योंकि यह मंगलकारी माना जाता है। वहीं पुरुषों को अपना दाहिना पैर आगे बढ़ाते हुए घर में प्रवेश करना चाहिए, जिससे जीवन में शुभता और समृद्धि बनी रहती है। प्रवेश के समय मन में सकारात्मक विचार और भगवान का स्मरण करना चाहिए।

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
Admission Open
For Pre Primary & Classes 1st - 12th (Maths, Bio, Arts, Com.)
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
HIGHLIGHT
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
Spoken English & Personality Development
Safe & Reliable Transport with Surveillance
Smart Learning with activity based teaching methods
Regular Seminars, competitions & interactive sessions
Scholarships for Meritorious Students (90% & Above from Other Schools)
Register Now at www.mesraipur.com
Civil Lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 94252-14413, 93296-21221

Bright Kids ACADEMY
Bright Kids-Where Fun Meets Learning"
Activity-Based Curriculum for Happy, Smart Learners
ADMISSION OPEN!
Session: 2026-27
PRESCHOOL
•Playgroup •Nursery •LKG • UKG
DAYCARE CENTRE
TRANSPORT SERVICE AVAILABLE
+91 96696 53335, 78282 53335
'Hands on... Minds on' Curriculum
Air-Conditioned Classrooms & Safe, Hygienic Campus
Smart Book Kits, DIY portal & Montessori Toy Library
Experienced, Caring Educators
CCTV Secured Campus
Web.: https://brightkidmont.com/schools/best-pre-school-in-raipur-bright-kids-academy
Address: Near Ramkrishna Hospital, Triveni Vihar, Pachpedi Naka Raipur (C.G.)

ROYAL PUBLIC SCHOOL
In Pursuit of Excellence
Admission Open
For Play Group, Pre-Primary, Classes 1st to 12th
(Maths, Bio, Com. Arts)
Chourasiya Coloney Near, Simran City Santoshi Nagar, Raipur
Call - 0771-4913336, 9589085558,
Transport Service Available
Play, Learn and Grow... Together!
Audio, Visual, and Play-Way Method of Teaching for Pre-Primary Classes

Contact to Add Your School - 7987119756

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

A VENUE THAT FEEDS
Dreams and Delights to Your Guests
22 Rooms Fully Loaded with Modern Amenities
Deluxe Rooms - 11
Executive Balcony - 11
A PLACE THAT Compliments Your Events!
In-House Catering
In-House Decor
Pure Veg Restaurant (by india's best chef)
Banquet Hall Cap : 50 - 250 Person
Ample Number of Car Parking Space (150+ Car Park at a Time)
SHREEJI INN HOTEL
Restaurant-Banquet Hall
BANQUET HALL ROOMS CAFE & RESTAURANT BOARD ROOM
WE ORAGANISE : Marriage Functions,Corporate Events, Birthday Party, Kitty Party & More...
BOOKING NOW +91 93297 44444
Ring Road - 1, Infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur (C.G.)

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस
93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

दुकान एक कूलर अनेक
कूलर हाउस
Sunday Open
रूम-विन्डो हॉल, डक्टिंग, इण्डस्ट्रीयल कूलर
75 नये माडलों के साथ विशाल शो-रूम
रूम ठंडा करने की गांरटी फीटिंग के साथ
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

GST रजिस्ट्रेशन नंबर बनवाएं मात्र 500/- में
2 साल पुरानी ITR फाईल बनवाएं मात्र 2000/- में
CMA DATA | प्रोजेक्ट रिपोर्ट | FOOD लाइसेंस | UDYAM-MSME | TDS रिफंड | Whatsapp पर बनवाएं
C-74 Sector 1, Devendra Nagar, Near Jubesta Hospital Beside Adarsh School, Pandri, Raipur
संपर्क : शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## डेप ने डेन के आखिरी दिनों में बढ़ाया था मदद का हाथ, घर में दी थी पनाह



मेडिकल ड्रामा 'ग्रेज एनाटॉमी' के अपने किरदार से सुर्खियां बटोरने वाले अभिनेता एरिक डेन नहीं रहे। 53 साल की उम्र में पिछले महीने 19 फरवरी को उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। एरिक के आखिरी दिनों में हॉलीवुड एक्टर जॉनी डेप ने उनकी मदद की थी। आखिरी दिनों में उनके आर्थिक बोझ को कम करने में लोकप्रिय हॉलीवुड एक्टर जॉनी डेप ने उनकी मदद की थी। जॉनी डेप ने दिवंगत एक्टर एरिक डेन को उनके आखिरी महीनों में लॉस एंजिल्स में किराए मुक्त घर दिया था। एरिक एमियोट्रोफिक लैटरल स्क्लेरोसिस से पीड़ित थे। इस बीमारी का शिकार होने की जानकारी देने के महज दस महीने बाद एरिक ने 53 साल की उम्र में दुनिया छोड़ दी। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि एक्टर जॉनी डेप ने चुपचाप दरियादिली दिखाते हुए दिवंगत एक्टर एरिक डेन को लॉस एंजिल्स में अपनी एक प्रॉपर्टी में रहने की जगह दी, जिससे वे पैसे और सेहत की दिक्कतों से जूझते हुए बिना किराए के रह सके। जॉनी डेप और एरिक डेन कई साल पहले आपसी जान-पहचान की वजह से करीब आए थे। एरिक के मुश्किल वक्त में जॉनी डेप मदद को आगे आए। उन्होंने एरिक के आखिरी महीनों में उन्हें अपने घर में पनाह देने की पेशकश की थी। पेज सिक्स ने एक सोर्स के हवाले से बताया कि जॉनी डेप मदद करना चाहते थे, ताकि बीमारी से लड़ते समय एरिक को किसी और चीज की चिंता न करनी पड़े। रिपोर्ट के अनुसार, 'एरिक आखिरी दिनों में जॉनी के एक घर में बिना किराए के रह रहे थे। रिपोर्ट में आगे कहा गया, 'जॉनी पैसे का बोझ कम करने के लिए जो कुछ भी कर सकते थे, वह करना चाहते थे'।

### टॉलीवुड

## 'पेद्दी' के सेट पर घायल हुए राम चरण, ब्रेक और शूटिंग को लेकर आई अपडेट



साउथ स्टार राम चरण इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पेद्दी' को लेकर चर्चाओं में हैं। हाल ही में ऐसी खबरें आईं कि राम चरण फिल्म के सेट पर चोटिल हो गए हैं, जिसके चलते फिल्म की शूटिंग रुक गई है। इस खबर के सामने आने के बाद उनके फैंस परेशान हो गए थे। अब उनकी हेल्थ को लेकर राम चरण की टीम ने जानकारी साझा की है। साथ ही फिल्म की शूटिंग और राम चरण के ब्रेक को लेकर भी अपडेट दी गई है। राम चरण की टीम के एक सूत्र ने एक्टर की इंजरी को लेकर अपडेट देते हुए बताया कि राम चरण बीते मंगलवार 24 मार्च को एक एक्शन एपिसोड की शूटिंग कर रहे थे और उन्हें चोट लग गई। उन्हें चार टांके लगवाने पड़े। उनकी आंख के ऊपर चोट लगी है, आंख में नहीं जैसा कि कुछ लोग मान रहे हैं। उनकी आंख ठीक है। वह काम पर भी लौट आए हैं, क्योंकि यह मामूली चोट है और चिंता की कोई बात नहीं है। सूत्र ने स्पष्ट किया कि राम चरण ने इस इंजरी के बाद भी शूटिंग से कोई ब्रेक नहीं लिया है। 'पेद्दी' की टीम फिलहाल हैदराबाद में शूटिंग कर रही है। इसके बाद एक स्पेशल गाने की शूटिंग होनी है। फैंस 27 मार्च को राम चरण के जन्मदिन पर फिल्म के टीजर आने का भी इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में निर्माताओं ने डबिंग स्टूडियो से एक वीडियो शेयर किया, जो देखते ही देखते वायरल हो गया। वीडियो में राम चरण अपने डायलॉग रिकॉर्ड करने में पूरी तरह से मग्न नजर आ रहे हैं। बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित 'पेद्दी' एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है। इसमें राम चरण के साथ जाह्नवी कपूर, शिव राजकुमार, जगपति बाबू और दिव्येंदु शर्मा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग नवंबर 2024 में फिर से शुरू हुई और मार्च 2025 में इसके शीर्षक की घोषणा की गई।

### भोजपुरी


## यूजर बोले- वक्त के साथ न बदले तो भोजपुरी इंडस्ट्री खत्म



अरविंद अकेला कल्लू का नया गाना 'दाल भात भुजिया' रिलीज हो चुका है। यूट्यूब पर लिखा गया है., 'सच्चा एहसास लेके आ गइल बा..दाल भात भुजिया।' इस गाने पर एक यूजर ने लिखा-तुम लोग टाइम के साथ नहीं बदले ना तो खत्म हो जाएगा भोजपुरी इंडस्ट्री।

भोजपुरी इंडस्ट्री के एक्टर और सिंगर अरविंद अकेला कल्लू अपने फैन्स के लिए एक नया तड़कता भड़कता गाना 'दाल भात भुजिया' लेकर हाजिर हैं। अरविंद अकेला कल्लू ने सोशल मीडिया पर गाने की झलक शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'अरविंद अकेला कल्लू अ शिल्पी राज के आवाज में सजल ई गीत अब रिलीज हो गइल बा। पूरा गाना दाल भात भुजिया अब देखीं।'

इस गाने में अरविंद के साथ कोमल सिंह भी नजर आ रही हैं। यूट्यूब पर इसे शेयर करते हुए लिखा गया है, 'देसी प्यार के स्वाद कुछ अलग ही होला। कभी गुड़ जइसन मीठ, कभी नमक जइसन जरूरी...ऐसे ही सच्चा एहसास लेके आ गइल बा..दाल भात भुजिया।' इस गाने पर फैन्स भरपूर प्यार बरसा रहे हैं। वहीं एक यूजर ने लिखा है, 'भोजपुरी वाले दाल और भात में खुश रहेंगे अरे तुम लोग टाइम के साथ नहीं बदले ना तो खत्म हो जाएगा भोजपुरी इंडस्ट्री। लोग अब मगही सॉन्ग ज्यादा सुन रहे हैं। चाहे पवन हो खेसारी हो या कोई और याद रखो।' कयास लगाया जा रहा था कि ये एक रोमांटिक सॉन्ग होने वाला है।




साल 2026 में विंटेज कपड़ों की बहार है। डिजाइनर जानते हैं कि इनसे सिर्फ़ हमारी अपनी स्टाइल को ही फ़ायदा नहीं होता बल्कि पुराना ट्रेंड लौटकर आता है। जब हम फ़ास्ट फ़ैशन से दूर होकर ज़्यादा टिकाऊ विकल्पों को चुनते हैं, तो हालात काफ़ी बेहतर होते है। आज पेट्रो केमिकल्स, ज़हरीले रसायनों का मिश्रण और सस्ते सिंथेटिक फ़ाइबर से निकलने वाले माइक्रो प्लास्टिक के पहाड़ बड़ी चुनौती बन गए हैं। फैशन की दुनिया इनसे उबना चाहती है।

## घर पर बनाएं हेयर सीरम, बालों का झड़ना होगा बंद

मौसम कोई भी हो झड़ते बालों की समस्या हर किसी को होती है। इससे बचने के लिए अक्सर हम अलग-अलग प्रोडक्ट का इस्तेमाल भी करते हैं। वहीं कुछ प्रोडक्ट ऐसे होते हैं जिनके ज्यादा इस्तेमाल से बाल ज्यादा झड़ने शुरू हो जाते हैं। ऐसे में आप यहां बताए गए घरेलू नुस्खों को ट्राई कर सकती हैं। इससे बाल झड़ने कम हो जाएंगे।

### एलोवेरा जेल और एसेंशियल ऑयल का करें इस्तेमाल

एलोवेरा जेल बालों के लिए काफी अच्छा होता है इसलिए आप इसका इस्तेमाल बालों के लिए कर सकती हैं। एसेंशियल ऑयल भी बालों की ग्रोथ के लिए अच्छा होता है।

**सामग्री:** एलोवेरा जेल-2 चम्मच एसेंशियल ऑयल-2 चम्मच नारियल का तेल- 1-2 चम्मच रखिए। इसे बनाने के लिए सबसे पहले आपको एक कटोरी में एलोवेरा जेल और एसेंशियल ऑयल डालें। अब इसमें नारियल का तेल मिक्स करें। इसके बाद एक बोतल में डालकर रखें। फिर इसे हेयर सीरम की तरह इस्तेमाल करें और स्कैल्प (होममेड हेयर सीरम बनाने का तरीका) की मसाज करें।इसके बाद 30 मिनट के लिए इसे बालों में लगा रहने दें। फिर अपने बालों में शैंपू का इस्तेमाल करके साफ कर लें।

### कैस्टर ऑयल और विटामिन ई हेयर सीरम

बाजार में आपको कई तरह के अलग-अलग हेयर सीरम मिल जाएंगे। जिन्हें आप बालों में अप्लाई करेंगी। लेकिन आप चाहे तो घर पर भी इसे तैयार कर सकती हैं। इससे बालों का झड़ना कम हो जाएगा।

सीरम बनाने का तरीका



इसके लिए एक कटोरी में कैस्टर ऑयल डालें। अब इसमें विटामिन ई का कैप्सूल एड करें। फिर इसे अच्छे से मिक्स करना है। इसके बाद एक पंप वाली बोलत (एंटी हेयर फॉल सीरम बनाने का तरीका) में इसे डालना है। इसे आप अपने बालों में अप्लाई करें और 30 मिनट के लिए लगा रहने दें। इसके इस्तेमाल से आपके बाल झड़ने बंद हो जाएगे। इन सभी चीजों का इस्तेमाल करके आप झड़ते बालों को रोक सकती हैं। इससे आपके बाल कम समय में लंबे और घने हो जाएंगे।

## सिंपल सूट को हैवी लुक दें तो खिल उठेगा आपका रूप





स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको स्टाइलिंग करते समय लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के साथ-साथ अपनी बॉडी टाइप का खास ख्याल रखना जरूरी होता है। स्टाइलिश दिखना बिल्कुल भी आसान नहीं होता है। इसके लिए आपको हर छोटी-बड़ी चीज का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। वहीं सूट पहनना हम सभी पसंद करते हैं और इसके कई डिजाइन और वैरायटी आपको मार्केट में देखने को मिल जाएगी।

आजकल की बात करें तो अब प्लेन या मिनिमल डिजाइंस को काफी पसंद किया जाने लगा है, लेकिन इसे हैवी लुक देने के लिए आज भी कई हैक्स मौजूद हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं उन हैक्स की जिनकी मदद से आप आसानी से प्लेन और सिंपल सूट को हैवी लुक दे सकती हैं और अपने स्टाइल स्टेटमेंट को अपग्रेड कर सकती हैं।



### सूट के गले को कैसे दे आकर्षक लुक?

सूट के गले को आकर्षक लुक देना चाहती हैं तो इसके लिए आप प्लेन सूट पर पैच वर्क लगवा सकती हैं। इस तरह के रेडीमेड नेक पैच का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके अलावा आप चाहे तो बटन भी लगवा सकती हैं। वहीं अगर आप गले में हैवी डिजाइन नहीं बनवाना चाहती हैं तो नेकलाइन के लिए कोई स्टाइलिश डिजाइन को चुन सकती हैं।

### सूट में कैसे करें लेस का इस्तेमाल?

सूट में लेस वर्क का इस्तेमाल आप कई तरीके से कर सकती हैं। लेस लगाने के लिए आप प्लेन फैब्रिक को खरीदकर सूट को बनवा सकती हैं और उसे आकर्षक लुक देने के लिए इसमें तरह-तरह से लेस लगवा सकती हैं। लेस में आपको गोटा-पट्टी, पाइपिंग और चिकनकारी डिजाइन की लेस को लगवा सकती हैं। इस तरह लेस को आप घेरे, स्लिट, बाजू, नेक लाइन पर लगवा सकती हैं।

## त्वचा की रंगत निखारने इस्तेमाल करें मुलेठी

स्किन इंफेक्शन होने पर मुलेठी का इस्तेमाल किया जा सकता है। मुलेठी के इस्तेमाल से त्वचा की रंगत निखरने लगती है। मुलेठी से आप फेस पैक बना सकती हैं। चेहरे पर मुलेठी लगाने के फायदों के बारे में हमने ब्यूटी एक्सपर्ट शहनाज हुसैन से बात की है। चलिए उन्हीं से जानते हैं कैसे करें चेहरे पर मुलेठी का उपयोग।



### मुलेठी से कैसे बनाएं ग्लोइंग स्किन के लिए पैक?

मुलेठी के उपयोग से त्वचा की रंगत निखरने लगती है। इसमें ग्लेब्रेन तत्व पाया जाता है, जिससे त्वचा का रंग साफ होने लगता है। आप मुलेठी से फेस पैक बना सकती हैं। पैक बनाने के लिए ये स्टेप्स फॉलो करें-

त्वचा की रंगत निखारने के लिए 4 चम्मच मुलेठी पाउडर में 2 चम्मच गुलाब जल डालें। अब दोनों चीजों को अच्छे से मिला लें। आप चाहें, तो पैक बनाने के लिए गुलाब जल के बजाय खीरे के रस का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इस पैक को अपने चेहरे और गर्दन पर अच्छे से लगा लें। पैक के एक लेयर बननी चाहिए। जब फेस पैक सूख जाए, तब ठंडे पानी से चेहरे को साफ करें। इस फेस पैक का इस्तेमाल हफ्ते में 2 बार करने से फायदा होगा।

### मुलेठी से कैसे करें टैनिंग दूर?

एक छोटे कटोरे में 2 चम्मच मुलेठी पाउडर, दही और चुटकी भर हल्दी डालें। सभी चीजों को अच्छे से मिक्स कर लें। अब इस पेस्ट को चेहरे और हाथ-पैर पर लगा लें। करीब 5-10 मिनट बाद पानी से चेहरा धो लें। स्किन इंफेक्शन को कम करने के लिए मुलेठी के तने का इस्तेमाल किया जा सकता है। आर्युवेद में इसे यष्टिमधु कहा जाता है।

## आंखों के नीचे पड़ रहे हैं एजिंग स्पॉट्स, तो अपनाएं ये ब्यूटी हैक्स

40 की उम्र होने के बाद आखों के नीचे पड़ रही हैं झाइयां, तो ये घरेलू नुस्खे आपके आ सकते हैं काम। एक बार जरूर ट्राई करके देखें। उम्र बढ़ने के साथ-साथ त्वचा में बहुत सारे बदलाव आते हैं। आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स आना या फिर झाइयां पड़ना भी इन्हीं में से एक। यह दिक्कत आम तौर पर हर किसी को उम्र के 35वें पड़ाव पर पहुंचते-पहुंचते हो जाती है। खासतौर पर 40 की उम्र की महिलाओं के चेहरे पर आपको एजिंग स्पॉट्स नजर आए जाएंगे। ब्यूटी एक्सपर्ट डॉक्टर भारती तनेजा कहती हैं, ₹ आंखों के नीचे का हिस्सा गतिशील नहीं होता है, इसलिए एजिंग स्पॉट्स आने की सबसे ज्यादा संभावनाएं वहीं होती हैं। इसलिए आपको चेहरे की मसाज नियमित करनी चाहिए और आप रसोई में मौजूद कुछ चीजों का भी प्रयोग कर सकती हैं।

### क्यों पड़ते हैं आंखों के नीचे एजिंग स्पॉट्स?

एज फैक्टर के अलावा इसके दो कारण हो सकते हैं। पहले तो यह कि आंखों के नीचे आप मसाज नहीं करती हैं और दूसरा यह कि आप बहुत ज्यादा धूप में रहती हैं। दरअसल, धूप में रहने की वजह से त्वचा में मेलेनिन ज्यादा बनने लगता है और इससे चेहरे पर डार्क स्पॉट्स उभर आते हैं।



### आंखों के नीचे डार्क स्पॉट्स को कम करने के उपाय

एलोवेरा जेल और गुलाबजल को मिक्स करके आइस ट्रे में मिश्रण को डालें और आइस क्यूब्स बना लें। फिर आप इन आइस क्यूब्स को आंखों के नीचे लगाएं। नियमित रूप से आप 5 मिनट ऐसा करें। इससे आपकी आंखों के नीचे के डार्क सर्कल्स और स्पॉट्स दोनों ही गायब हो जाते हैं।

**कार्नर न्यूज**

### ब्लैक जींस को आप दे सकते हैं न्यू लुक

## रंगत उतर गई है आपके ब्लैक जींस की तो अपनाइए इन टिप्स को, निखरेगी आपकी स्टाइल

पैंट के मामले में हर किसी की पसंद अलग अलग हो सकती है, लेकिन जब बात जींस की हो, तो सबकी पसंद एक ही होती है। ऐसा माना जाता है कि पुरुषों के वार्डरोब में चाहे किसी भी कलर की जींस हो या न हो, लेकिन ब्लैक जींस हर किसी के वार्डरोब का हिस्सा होती है।

ब्लैक जींस को लेकर ये आम धारणा है कि इसे पहनने के कुछ समय बाद इसका रंग फेड हो जाता है। अब हम जींस के फेड हुए कलर का तो कुछ नहीं कर सकते, लेकिन आपको कुछ ऐसे टिप्स जरूर बता सकते हैं जिनकी मदद से आप ब्लैक जींस का कलर फेड होने से रोक सकते हैं और जरुरत पड़ने पर जींस को फिर से डाई भी कर सकते हैं। इन टिप्स का अपनाकर आप अपनी फेड हुई जींस को फिर से नया बना सकते हैं और अपनी स्टाइल को अपडेट भी रख सकते हैं। सबसे आप टिप्स में ये समझिए कि कैसे आप अपनी फेड हुई जींस को फिर से डाई कर सकते हैं।



### जींस डाई करने समय निकालें

ये सबसे जरूरी बात है। जब भी आप अपनी जींस को डाई करना चाहें, तो सबसे पहले उसके लिए आपको समय की जरुरत है। याद रखिए ये काम जल्दबाजी का नहीं है। आप वो वक्त चुनें, जब आपके पास कुछ घंटे का समय हो। जींस को डाई करने से पहले उसे अच्छी तरह से धो लें। इसका कारण यह है कि अगर आपकी जींस गंदी है, तो वो डाई को अच्छी तरह से नहीं सोख पाएगी और आपकी सारी मेहनत बेकार हो जाएगी।

### सही डाई कलर का चुनाव करें

जींस डाई करने से पहले आपको सही डाई कलर का चुनाव करना आना चाहिए। आपको डाई कलर लिक्विड और पाउडर दोनो फॉर्म में मिल जाएंगे। डाई का इस्तेमाल करने से पहले आपको उसके बॉक्स पर लिखे इन्सट्रक्शन को भी ध्यान से पढ़ लेना चाहिए। ये इसलिए जरूरी है क्योंकि लिक्विड डाई ज्यादा कंसंट्रेट होती है। पहले से ही पानी में घुले होने के कारण इसे कम यूज करना होता है। वहीं, अगर आप पाउडर डाई का चुनाव कर रहे हैं, तो आपको उसे पहले गरम पानी में घोलना होता है। इसके अलावा पानी और डाई की मात्रा का ध्यान रखना भी बेहद आवश्यक है।

### जरूरी चीजों को इकट्ठा करना

जींस डाई करने से पहले इस्तेमाल में आने वाली सभी जरूरी चीजों को एकत्रित कर लें। आपको डाई करने के लिए मेटल की एक बड़ी चम्मच, रबर के ग्लव्स, टब और न्यूजपेपर जैसी चीजों की जरुरत पड़ेगी। आप जिस जगह पर डाई करने जा रहे हैं, वहां न्यूजपेपर बिछा लें, ताकि डाई फर्श पर न लगे।

### जींस को कलर सोखने दें

डाई के बॉक्स पर लिखे इन्सट्रक्शन के अनुसार जींस को कलर सोखने दें। याद रखिए जींस जितनी देर तक सोखेगी, आपको कलर भी उतना ही डार्क मिलेगा। बस टब या बाल्टी में जींस डालने के बाद उसे बीच बीच में चलाते रहें।

